आज का मौसम
33.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.09
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 360, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम - 12




बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय - 12



इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला - 13



चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक है नोएडा एयरपोर्ट

## जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### देशवासियों के भरोसे हम पश्चिम एशिया संकट का कर रहे मुकाबला : मोदी

पीएम मोदी ने कहा पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

नोएडा। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

- मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट



राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अयोध्या में बने यज्ञशाला में भीषण आग, कोई जनहानि नहीं

**अयोध्या।** रामनवमी के अवसर पर आयोजित एक महायज्ञ के दौरान शनिवार को यज्ञशाला में भीषण आग लग गई, जिससे पूरा पंडाल कुछ ही देर में आग की लपटों में घिर गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराया जा रहा था।

### इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात जिले के देहात थाना क्षेत्र में हुई। मनोज रजक (22) नामक युवक के आखिरी पलों का करीब 14 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि युवक ने लाइव चैट के दौरान अपने दोस्तों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी, इसके बाद उसने छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जम्मू-कश्मीर: रियासी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को रियासी जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति की अचल संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम के खिलाफ यूएपीए की धारा 25 के तहत कुर्की की यह कार्यवाही आतंकी समर्थक तंत्र को खत्म करने के अभियान का हिस्सा थी।

### छात्र को 'आतंकवादी' कहने पर प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** यहां कक्षा में एक छात्र को आतंकवादी कहने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रोफेसर द्वारा छात्र को डांटते हुए कक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना 24 मार्च को हुई।

## नेपाल में नई सरकार के शपथ लेते ही पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी

- जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई
- जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट के आधार पर हुई गिरफ्तार

नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था।

पुलिस ने बताया कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। ओली और लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस आंदोलन में कई युवाओं सहित 76 लोग मारे गए थे। 'जेन जेड' आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक सहित अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। बालेंद्र के नेतृत्व वाली नेपाल की नवगठित सरकार ने शुक्रवार को अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में जांच आयोग की सिफारिशों को तत्काल लागू करने का निर्णय लिया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किया।



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार।

### 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश

गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने ओली की गिरफ्तारी के बाद एक पोस्ट में लिखा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अब देश को एक नई दिशा मिलेगी। ओली और लेखक को भद्रकाली स्थित काठमांडू जिला पुलिस सर्किल में हिरासत में रखा गया है। जांच आयोग ने इस अपराध के लिए तीन से 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश की है। काठमांडू के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार को अवकाश होने के कारण उन्हें रविवार को काठमांडू जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के वास्ते शुरू किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों का प्रबंधन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के आरवीपी सचिवालय द्वारा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

## हवा में फ्लाइट का इंजन खराब, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान इंजन में खराबी के कारण शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा गया। एक सूत्र ने कहा, विशाखापत्तनम-दिल्ली उड़ान 6ई 579 के एक इंजन में खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न 10 बजकर 39 मिनट पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई।

बोइंग 737 विमान में 160 यात्री सवार थे। इस बीच, इंडिगो ने कहा, विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई 579 में हवाई अड्डे पर उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खराबी का पता चला। विमान चालकों ने एहतियाती कदम के तौर पर और मानक परिचालन प्रक्रिया के अनुसार, प्राथमिकता के आधार पर विमान उतारने की अनुमति मांगी और विमान दिल्ली के आईजीआई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया।




- दूसरे इंजन की मदद से उतरा इंडिगो विमान, 160 पैसेंजर थे सवार

## 47000 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा 'जग वसंत'




**अहमदाबाद।** पश्चिमी एशिया संकट के बीच होर्मुज को पार करते हुए भारतीय ध्वज वाला पोत 'जग वसंत' 47,000 टन द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के जामनगर स्थित वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अनुसार, कुवैत के मीना अल अहमदी बंदरगाह से सामान लेकर एमटी जग वसंत शुक्रवार रात 8:30 बजे वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा। बंदरगाह पर पहुंचने के बाद पोत से पोत में एलपीजी का स्थानांतरण किया जा रहा है। बंदरगाह के एक अधिकारी ने बताया, 230 मीटर लंबा यह पोत वर्तमान में 17,600 टन एलपीजी को अपने सहायक पोत एमटी रोज गैस में स्थानांतरित कर रहा है, जिसमें लगभग 15 घंटे लगने की उम्मीद है। स्थानांतरण के बाद, सहायक पोत आगे एलपीजी उतारने के लिए कांडला के लिए रवाना होगा। मुख्य पोत 'जग वसंत' पर लदे 20,000 टन माल को मुंबई में उतारा जाएगा और लगभग 9,000 टन माल को बाद में मंगलुरु में उतारा जाएगा।

## डीआईजी पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

मैनाठेर प्रकरण

- मुख्य दोषी की हो चुकी मृत्यु, छह बाल अपचारियों पर बाल न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन



**अमृत विचार:** मुरादाबाद के मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र में 6 जुलाई 2011 को बलवा, लूटपाट, आगजनी व डीआइजी पर जानलेवा हमले में शनिवार को अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले में 25 अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल गई थी, जबकि 33 लोग नामजद थे। 25 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट में में छह बाल अपचारी भी शामिल थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

चार जुलाई 2011 को मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील की गई थी। युवती ने पांच जुलाई को असालतनगर बघा के मुस्लिम के विरुद्ध मैनाठेर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर 6 जुलाई को सुबह सात बजे आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से मुस्लिम को छुड़ाने के लिए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी। लेकिन, पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी। इस दौरान घर की महिलाओं और कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक ग्रंथ फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर फैला दी। अफवाह फैलाने और धार्मिक उन्माद फैलाने में तत्कालीन ग्राम प्रधान कामिल का अहम रोल था, जिसे पुलिस ने अपनी जांच में मुख्य आरोपी बनाया। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने मैनाठेर कोतवाली को घेरकर पथराव कर लूटपाट कर आगजनी की। तत्कालीन डीआईजी अशोक स्थिति नियंत्रण के लिए टीम के साथ मैनाठेर पहुंचे थे। दंगाइयों ने डीआईजी व अन्य पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला किया था। डीआईजी को मरणासन्न स्थिति में पुलिस टीम ने किसी प्रकार भीड़ के चंगुल से निकाला था। (संबंधित पेज-2)

सुप्रीम आदेश

रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## कोर्ट के आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान न हो उजागर

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता



उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो रेप सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गईं, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के रेप के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए।

### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमले के विरोध में शिवसेना का प्रदर्शन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट ने हिंदूवादी नेताओं पर हो रहे हमले व गो तस्करी के खिलाफ शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डीएम के माध्यम से भारत सरकार को भेजे गए ज्ञापन में मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी, व जिला प्रमुख नन्हें चौधरी ने बताया कि पार्टी ने मांग की है कि गो माता को राष्ट्र माता व गो हत्या को संगीन अपराध घोषित किया जाए। हिंदूवादी नेताओं को सुरक्षा प्रदान की जाए और मारे गए नेताओं के परिजनों को आर्थिक मदद दी जाए। वेतन भोगी गोरक्षकों की टीम गठित की जाए। प्रदर्शन करने वालों में राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, युवा जिला प्रमुख राकेश प्रजापति जिला उप प्रमुख, इंद्रजीत सिंह, मंडल उप प्रमुख मुकेश सक्सेना, नारायण दास, इंद्रपाल, नवीन कुमार, मुकेश दिवाकर जिला उप प्रमुख, बाबा कुशाल सिंह राज्य प्रचारक, ओम प्रकाश सैनी, मंडल सचिव मंगली सैनी, अनिल कुमार, ठाकुरदास सैनी आदि मौजूद रहे।

### टीएमयू से फोन चुराने का आरोपी पकड़ा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** टीएमयू में शाहनवाज पुत्र मोहम्मद यामीन निवासी ग्राम सिडलऊ नजरपुर थाना भोजपुर इलाज कराने आया था। 27 मार्च को वह पिता का फोन चार्जिंग पर लगाकर टॉयलेट चला गया था। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन चोरी कर लिया। सूचना टीएमयू प्रशासन को दी। सिक्योरिटी ने सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर चोरी के आरोपी नदीम मलिक निवासी मोहल्ला मुल्लानों वाला थाना पाकबड़ा को पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

### अग्निवीर वायु (खेल) भर्ती को पंजीकरण शुरू

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि भारतीय युवा सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु (खेल) महिला एवं पुरुष दोनों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश के अधिक से अधिक उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 23 मार्च से 29 मार्च 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

### युवक का कटर से कटा हाथ, भर्ती

**ढकिया, अमृत विचार :** कस्बा ढकिया निवासी दीनदयाल प्रजापति(25) नटियाखेड़ा गांव के एक ट्रैक्टर कटर से बरेली में सरसों की फसल निकालने गए थे। शुक्रवार की शाम कटर में दीनदयाल का हाथ कट गया। बु घायल को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सजा सुनाए जाने तक पुलिस छावनी बना रहा कचहरी परिसर

## 45 मिनट में सुनाई गई डींगरपुर में तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार के हमलावरों को सजा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** 28 मार्च पुलिस महकमे के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। इस दिन 2011 में मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के डींगरपुर चौराहे पर तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को एडीजे दो कृष्ण कुमार की अदालत ने आजीवन कारावास का फैसला सुनाया। 45 मिनट में हुई सुनवाई में सभी दोषियों को आजीवन कारावास के साथ 55 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया। सुबह से ही एसपी सिटी ने भारी पुलिस बल के साथ कचहरी परिसर की जिम्मेदारी संभाली थी। सजा सुनाए जाने तक कचहरी परिसर पुलिस की छावनी बना रहा।

2011 में चार से 6 जुलाई तक मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव असालत नगर बवाल की आंच में सुलगता रहा। चार जुलाई को गांव के मुस्लिम ने गांव की एक युवती के घर में घुस कर उसके अश्लील हरकत की थी। पीड़िता की तहरीर पर मैनाठेर पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें पकड़ लाई थी। जिसे लेकर प्रधान ने धर्मिक ग्रंथ का सहारा लेकर गांव व आसपास के गांव के लोगों भड़का कर कोतवाली मैनाठेर पर हमला बोल दिया। भीड़ ने कोतवाली में घुसकर पुलिस जीप व अन्य वाहनों को आग लगा दी थी।

जिसकी सूचना पर डीआईजी पुलिस और पीआरओ व तत्कालीन डीएम राजशेखर मैनाठेर की ओर रवाना हुए थे। उधर सपा नेता द्वारा उकसाई भीड़ ने डींगरपुर चौराहा घेर कर जाम लगा दिया था। जिसमें डीआईजी पर जानलेवा हमला हुआ था। 33 नामजद और 300 अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा लिखा गया था।

एडीजे दो ने चार दिन पहले गवाहों और साक्ष्यों को देखकर 16 लोगों को दंगा, लूटपाट, डकैती, हिंसक आगजनी और डीआइ जी व पुलिसकर्मियों पर हमला करने मामले में दोषी माना और शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

इस दौरान शनिवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय की निगरानी में पांच थाना प्रभारी निरीक्षक में सदर कोतवाल राजेश सिंह, सिविल लाइन कोतवाल मनीष सक्सेना, नागफनी थाना प्रभारी राकेश सिंह और गलशहीद से पवन कुमारी मझोला प्रभारी निरीक्षक आर पी सिंह मुगलपुरा और महिला प्रभारी व पुलिस बल लगाया गया। इसके अलावा एक कंपनी आरएएफ के जवान सुरक्षा में लगाए गए। वहीं डॉग स्क्वायड टीम ने संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। सजा सुनाने के बाद सभी दोषियों को कचहरी स्थित फिंगरप्रिंट यूनिट में ले जाया गया। जहां सभी का शारीरिक विवरण फिंगरप्रिंट व अन्य विवरण लिया गया। इस दौरान सभी थाना प्रभारी मय फोर्स बने रहे। चार बजे एसपी सिटी ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा घेरे में 16 दोषियों को जिला कारागार पहुंचाया।



कोर्ट परिसर में लगी भीड़ को हटाते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह। ● अमृत विचार

### छेड़छाड़ की एक मामूली घटना बनी थी बड़े बवाल की वजह

6 जुलाई 2011 को मैनाठेर क्षेत्र में छेड़छाड़ की एक मामूली घटना से शुरू हुआ विवाद अफवाहों के चलते बड़े बवाल में बदल गया था। धार्मिक पुस्तक के अपमान की खबर पर उग्र हुई भीड़ ने थाने व चौकी पर हमला कर वाहनों में आगजनी, पथराव और फायरिंग की थी। शनिवार को अदालत के फैसले से पहले ही गांव में खामोशी व सन्नाटा पसरा था।

### भीड़ को दोबारा उकसाने वाले सपाई को नहीं मिली सजा, मुख्य आरोपी की हो चुकी मौत

भीड़ को उकसाने का मुख्य आरोपी गांव के तत्कालीन प्रधान कामिल की मुकदमें के फैसले से दो महीने पहले ही मौत हो गई थी। उसने सुबह- शाम तक आसपास के गांव के लोगों को कुरान फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर लोगों को बरगलाया था। जिसके बाद बेकाबू भीड़ वही करती रही जो प्रधान कहता रहा। उसके बाद सपा सरकार आते ही वह अपना नाम निकलवाने में कामयाब रहा।




कड़ी सुरक्षा में दोषियों को जेल ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

## साख पर हमला था मैनाठेर कांड फिर भी दबाव में रही पुलिस

- पुलिस ने लिखे थे पांच मुकदमें चार में लगी थी फाइनल रिपोर्ट
- दबाव में निकाले गए नाम, शामिल करने की नहीं हुई कोशिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मैनाठेर में बवाल में हजारों की भीड़ की ओर से किए बवाल, लूट, आगजनी और डीआइजी पर जानलेवा हमले के बावजूद पुलिस पूरी तरह से दबाव में रही थी। पुलिस ने 300 50 से अधिक को नामजद करते हुए तीन सौ से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध पांच मुकदमे लिखे थे। एक महीने से अधिक समय तक पुलिस भीड़ द्वारा लूटी गई डीआईजी की पिस्टल बरामद नहीं कर पाई थी। सपा के नेता जो उस समय बसपा में थे ने संभल के एक कद्दावर ने डीआईजी की लूटी गई पिस्टल को वापस दिलवाने के लिए पुलिस ने एक सपाई समेत 25 लोगों के नाम निकालने में भूमिका निभाई थी जिसके आधार पर तत्कालीन पुलिस अधिकारियों ने दबाव में समझौता किया था। 2012 में सपा सरकार ने दबाव में सपा नेता समेत 25 लोगों के नाम निकाले गए। वहीं, पांच में चार मुकदमों में एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी गई। 177/ 11 मुकदमा अपराध संख्या में 25 लोगों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर 16 दोषियों को सजा सुनाई गई है। अब तक विवेचकों ने घटना में से निकाले गए नामों को दोबारा विवेचना में शामिल करने की कोशिश भी नहीं की। एडीजे दो की अदालत के लोक अभियोजक ब्रजराज सिंह ने बताया कि उस वक्त दंगा करने वाले सभी लोग दंगाई नहीं थे। जांच में बाद में पता चला की लोग समझाने और रोकने का काम कर रहे थे। जिनका नाम दंगा करने वाले दोषियों के मुकदमे से निकाला गया था। पुलिस की ओर से साक्ष्य संग्रहित करते वक्त लगा और बाद में सही आरोपियों को सजा मिली है। उन्होंने बताया कि उस समय दंगाइयों ने डीएम की गाड़ी पर भी पथराव कर दिया था। जिससे डीएम को भागना पड़ा।

### इन्हें मिली सजा

1- मंजूर अहमद निवासी गांव डींगरपुर, थाना मैनाठेर
2- मोहम्मद अली निवासी गांव ललवारा
4- हाशिम निवासी गांव ललवारा
5- मोहम्मद कमरुल, निवासी गांव मसेबी रसूलपुर
6- मोहम्मद मुजीफ निवासी गांव मसेबी रसूलपुर
7- मोहम्मद यूनुस निवासी गांव लालपुर
8- रिजवान निवासी लालपुर
9- अम्बरीश निवासी शाहपुर चामरान
10- कासिम निवासी परियावली असमोली, जिला संभल
11- मोहम्मद मोबीन उर्फ मोहम्मद मोहसिन निवासी बरखेड़ा डिडौली जिला अमरोहा
12- मोहम्मद मुजीब निवासी गांव असदपुर
13- तहजीब आलम निवासी असदपुर मैनाठेर
14- जाने आलम, निवासी मिलक नवाब मैनाठेर
15- फिरोज निवासी ताहरपुर मैनाठेर
16- मोहम्मद नाजिम निवासी असदपुर मैनाठेर




कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पहुंचे आरोपी। ● अमृत विचार



छावनी में तब्दील हुई कचहरी में तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

### सजा से पहले गांव में सन्नाटा, बाद में परिजनों के चेहरे के रंग उड़े



सजा से पहले गांव में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार



दोषी के घर के बाहर बैठे परिवार वाले। ● अमृत विचार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर थाना क्षेत्र में 2011 में हुए बवाल में शनिवार को सजा सुनाई गई। जिसे लेकर सुबह से ही गांव में सन्नाटा पसरा रहा। डींगरपुर पुलिस चौकी व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस, आरएएफ व अन्य सुरक्षा बलों का पहरा था। सजा की जानकारी पहुंचते ही परिजनों के चेहरे के रंग उड़ गए। हालांकि एक दोषी के परिवार वालों का कहना है कि वह ऊपर की न्यायालय में चुनौती देंगे। गांव मिलक नवाब वाली निवासी जाने आलम और संभल के गांव शाहपुर चमरान निवासी अमरीश के परिवार वाले सदमें में आ गए। उन्होंने फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने की बात कही। परिवार के लोग यह सोचकर व्यथित हैं कि सदस्यों की पूरी उम्र जेल में कटेगी। जिसका असर उन पर भी पड़ना तय है।

### डीआईजी के पीआरओ की तहरीर पर दर्ज हुआ था मुकदमा

डीआईजी के पीआरओ रवि कुमार की तहरीर पर 33 नामजद समेत 300 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसमें 25 के खिलाफ चार्जशीट एडीजे- टू की अदालत में दाखिल की गई थी। दाखिल चार्जशीट पर 15 साल बहस चली। 24 मार्च को न्यायाधीश ने मामले में 16 को दोष सिद्ध किया। मुख्य आरोपी मुख्य आरोपी ग्राम प्रधान की फैसले से दो माह पहले मृत्यु हो चुकी है। सजा सुनाए जाने के बाद एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने कड़े पहरे में सभी दोषियों को जिला कारागार पहुंचाया गया। परिवारवाले परेशान होते रहे।

# 21 साल से धर्म व पहचान बदलकर संभल में रह रहा लापता हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

**संवाददाता, पाकबड़ा**

**अमृत विचार :** 21 साल से धर्म बदलकर रह रहे लापता हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुंडली खंगालने पर पता चला कि वह संभल जिले में एक संगठन के जिला सचिव के रूप में सक्रिय है। पुलिस ने छानबीन करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के गांव हाशमपुर गोपाल का निवासी नरेश पुत्र शंकर करीब 21 साल पहले परिवार को छोड़कर चला गया था। उसके ऊपर लूट, छिनैती, डकैती व चोरी जैसे 9 मामले दर्ज हैं। थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट खुली हुई है। पुलिस उसकी छानबीन तभी से कर रही थी। पुलिस यक्ष एप के माध्यम से अभियुक्तों दुराचारियों का सत्यापन कर रही थी तभी हाशमपुर चौराहे पर सूचना मिली कि नरेश पुत्र शंकर वाल्मीकि जिसकी हिस्ट्रीशीट संख्या 75 ए है। करीब वह 21 साल से लापता चल रहा है। नाम व पहचान बदलकर संभल में रह रहा है। पाकबड़ा में किसी से मिलने आया है। इस पर पुलिस ने डींगरपुर रोड से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसका नाम सुल्तान पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम नाहरठेर थाना रायसत्ती जनपद संभल है। आरोपी के पास से एक छोटी हैंडबुक उर्दू में लिखी हुई, दो कूटरचित आधार कार्ड, तीन वोटर आईडी, एक पैन कार्ड, एक ई-श्रम कार्ड, एक प्रथमा बैंक का स्मार्ट कार्ड, एक लेटर हेड राष्ट्रीय महाशक्ति संघ भाजपा सपोर्टर जिला सचिव संभल मिला है। सही नाम नरेश पुत्र शंकर वाल्मीकि है। वह ग्राम हाशमपुर गोपाल थाना पाकबड़ा मुरादाबाद का रहने वाला है।



पुलिस की गिरफ्त में लापता हिस्ट्रीशीटर।

- लूट, छिनैती, डकैती व चोरी के 9 मामले दर्ज, यक्ष एप से सत्यापन के दौरान मिली सूचना

### पुलिस निगरानी के लिए घर आती थी इसलिए छिप गया

बताया कि उस पर लूट डकैती के कई मुकदमें दर्ज हैं जिसमें वह 8 से 9 साल तक जेल में भी रहा। हिस्ट्रीशीट खुलने के कारण पुलिस निगरानी के लिए घर पर आती थी, जिससे परेशान होकर वह 20-21 साल पहले गांव हाशमपुर गोपाल से चला गया और नाम व पहचान बदलकर छिपकर संभल में रह रहा था। उसने अपना नाम बदलकर सुल्तान पुत्र जमालुद्दीन रख लिया था।

## तीन लोगों से लूट का चौथा आरोपी पकड़ा

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के हाईवे पर तीन बाइक सवारों को रोक कर फोन, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, क्रेडिट कार्ड समेत रुपए एवं उनके कपड़ों से भरे बैग लूटने के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जेल भेजा।

बरेली के बिशारतगंज के गांव अखा के निवासी सुमित गांव के ही रवि, शिवम पाल के साथ 11 मार्च की रात बाइकों से बरेली से नोएडा जा रहे थे। टीएमयू के सामने नजर के ढाबे पर पहुंचकर खाना खाकर जैसे ही वह हाईवे की सर्विस रोड पर बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उनपर तमंचे से फायर कर दिया था। रवि से 4500 रुपए और डीएल, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, बैग, दूसरे साथी शिवम पाल से 5000 रुपये, मोबाइल फोन छीन लिया था। सूचना रात में ही पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी देवस्या उर्फ डेविड, ललित कुमार निवासी ग्राम बागड़पुर, अभिषेक निवासी ग्राम पल्लूपुरा घोसी को पकड़ कर जेल भेज दिया था। चौथे आरोपी मिलन कुमार निवासी ग्राम पल्लूपुरा घोसी को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## तेंदुए की तलाश में जुटा रहा वन विभाग, नहीं मिले निशान

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार:** शाहबाद के गांव जयतोली में तेंदुआ दिखने की चर्चा के बाद वन विभाग की टीम ने शुक्रवार रात भी सघन कांबिंग अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक कहीं भी तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हो सकी।

लगातार दूसरे दिन जांच के बावजूद ठोस साक्ष्य सामने न आने से अफवाह की आशंका गहराने लगी है। वन विभाग की टीम ने शुक्रवार रात गांव और आसपास के खेतों, बागों व सुनसान स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। टीम ने संभावित ठिकानों पर टॉर्च और अन्य संसाधनों की मदद से तलाशी ली, लेकिन न तो कोई पगचिन्ह मिले और न ही किसी जंगली जानवर की गतिविधि के संकेत। शुक्रवार रात भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बचते दिखे। वायरल वीडियो को लेकर भी स्पष्टता नहीं हो सकी है।



रात में कांबिंग करते वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### बढ़ाई निगरानी

वन रेंजर शिव शंकर यादव ने बताया कि शुक्रवार रात कोम्बिंग अभियान चलाया गया, लेकिन तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि टीम लगातार इलाके में नजर बनाए हुए है और किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें, लेकिन सतर्क जरूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

**अनदेखी** | उपकरणों में खराबी के कारण जुलाई 2023 से बंद है आर्यभट्ट नक्षत्रशाला

# बजट की आस में अटका खगोलीय घटनाओं का 'दीदार'

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बेगम वाली बगिया स्थित आर्यभट्ट नक्षत्रशाला बजट का इंतजार कर रही है। करीब ढाई साल से बंद नक्षत्रशाला में खगोलीय घटनाओं को देखने के लिए अभी करीब 6 माह का इंतजार और करना पड़ सकता है। बरसात में पानी आने के चलते तकनीकी खराबी के कारण नक्षत्रशाला जुलाई 2023 से बंद है। इमारत और उसके आसपास स्थिति बदहाल हो चुकी है। ऐसे में स्कूलों के बच्चे खगोलीय ज्ञान के सीधे प्रसारण से वंचित हैं।

करीब 27 करोड़ की लागत से निर्मित आर्यभट्ट नक्षत्रशाला में आकाशगंगा, चांद, सूर्य, ध्रुव इत्यादि को नजदीक से देखा जा सकता था। चंद्र ग्रहण इत्यादि खगोलीय घटनाओं को देखने के लिए दूरबीनें लगाई गई थी ताकि, चंद्रग्रहण पास से देखा जा सके। खुली आंखों से चंद्र ग्रहण देखने से होने वाले नुकसान की संभावना से बचने के लिए इन दूरबीनों को लगाया गया था। आर्यभट्ट नक्षत्रशाला भारत की पहली लेजर डिजिटल लेजर तकनीक पर आधारित थी। मल्टीप्लेक्स जैसे वातावरण में यह नक्षत्रशाला 3-डी अनुभव भी प्रदान करती थी जिसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बनाया गया है। इसे 18 सितंबर 2012 से लोगों के लिए खोला गया था, जहां प्रतिदिन 3 शो दिखाए जाते थे और एक शो की अवधि 50 मिनट होती थी। अधिकतर स्कूली बच्चे नजदीक से अंतरिक्ष में होने वाली घटनाओं को देखकर हतप्रभ रह जाते थे। तकनीकी खराबी आने के कारण करीब 3 वर्ष से बंद है। खगोलीय घटना के वैज्ञानिक पहलू और खगोलीय प्रणाली पर इसके प्रभाव को इस घटना के ग्राफिक्स को देखते हुए बेहतर तरीके से समझा जा सकता था




शहर के मोहल्ला बेगम वाली बगिया स्थित आर्यभट्ट नक्षत्रशाला। ● अमृत विचार

- भारत की पहली लेजर डिजिटल लेजर तकनीक पर आधारित थी नक्षत्रशाला

> जीर्णोद्धार के लिए बजट बनाकर शासन को भेज दिया गया है और पैसा मिलने के बाद सीटें, प्रोजेक्टर समेत तमाम मशीनरी बदली जाएगी। आधुनिक प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी खगोलीय घटनाओं का ज्ञान मिलेगा। ऑनलाइन टिकट की भी व्यवस्था रहेगी। - डॉ. एके सिंह, क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी व कार्यवाहक प्रभारी नक्षत्रशाला

> आर्यभट्ट नक्षत्रशाला के आधुनिकीकरण हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्राप्त हो चुकी है। बजट मिलने के बाद जीर्णोद्धार की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। मशीनें खराब होने के कारण नक्षत्रशाला को बंद करना पड़ा था। - **राजेश गंगवार**, सहायक निदेशक आर्यभट्ट नक्षत्रशाला

# कौन कर रहा इलाज, मरीज को मिलेगा हर सवाल का जवाब

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- कमी मिलने पर नोटिस के बाद निरस्त किया जाएगा पंजीकरण

**अमृत विचार :** अब निजी अस्पतालों में इलाज का पूरा हिसाब-किताब खुला रखना होगा। किस डॉक्टर ने मरीज को देखा, दवा लिखी और सर्जरी की, ये जानकारी अब छिपाई नहीं जा सकेगी।

नई व्यवस्था के तहत हर भर्ती मरीज की फाइल यानी बीएचटी पर डॉक्टर का नाम दर्ज करना अनिवार्य होगा। अस्पतालों में प्रमुख स्थानों पर ऐसे बोर्ड भी लगाने होंगे, जिन पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों का पूरा ब्योरा नाम, डिग्री और पंजीकरण संख्या स्पष्ट लिखी हो। हाल के निरीक्षणों में कई ऐसे मामले सामने आए, जहां अस्पतालों में मरीज तो भर्ती मिले, लेकिन इलाज करने वाले डॉक्टर का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं था। कुछ मामलों में सर्जरी तक हो रही थी, लेकिन मरीज को यह तक नहीं बताया गया कि ऑपरेशन कौन कर रहा है। इसी के बाद विभाग ने यह निर्णय लिया। जिले में ऐसे 50 से ज्यादा अस्पताल चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें पहले सिर्फ एक साल की अस्थायी मान्यता दी गई थी। इनका कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो रहा है। अब नवीनीकरण से पहले इन अस्पतालों की जांच होगी। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह के अनुसार, यदि जांच के दौरान अनियमितता मिली या मरीज ने डॉक्टर की जानकारी न मिलने की शिकायत की, तो नोटिस देकर अस्पताल का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

### निजी प्रैक्टिस पर भी लगेगी लगाम

इस नियम का एक बड़ा असर उन सरकारी डॉक्टरों पर भी पड़ेगा, जो निजी अस्पतालों में गुपचुप सेवाएं देते हैं। अब नाम सार्वजनिक करना जरूरी होने से इस तरह की गतिविधियां छिपाना मुश्किल होगा।

## शहर में आज

- एमपीएस क्रिकेट मैदान में अवस्थी मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 11:00 बजे
- राष्ट्र सेविका समिति महानगर द्वारा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में विचार विमर्श सत्र पंचायत भवन में दोपहर 1:30 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### सज्जा कार्यक्रम में श्रीराम का जयकारा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** देहरी गांव स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिंदू संस्कार केंद्र की ओर से श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर बाल हनुमान रूप सज्जा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने रामदूत हनुमान के विभिन्न रूपों का आकर्षक प्रदर्शन किया। कोई संजीवनी बूटी लिए नजर आया तो कोई सूर्य को फल समझकर खाते हुए बाल रूप में दिखा। बच्चों ने रावण दरबार में शक्ति प्रदर्शन और माता सीता के समक्ष विराट रूप की झलक प्रस्तुत की। परिसर में जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि बच्चों को हनुमान जी के गुण, बल, बुद्धि, ज्ञान और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। महेंद्र पुजारी, पंडित विनोद शर्मा, महंत रामगोपाल, लटूरी सिंह, सोनू वर्मा, तेज नारायण मिश्रा, उमेश कैरे, वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक केंद्र लगभग पूरा तो दूसरे पर काम बाकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में जहां एक ओर तेजी दिखाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ केंद्रों पर सुस्ती है। कई केंद्र पर मूल्यांकन पूरा होने की स्थिति में है तो कई पर काम पीछे चल रहा है। महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में सर्वाधिक 97.89 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। इसके विपरीत जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में मात्र 68.39 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन हो पाया है। जो काफी कम है। पारकर इंटर कॉलेज में 76.72 प्रतिशत, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज 85.87 प्रतिशत और एचएसवी इंटर कॉलेज में 86.35 प्रतिशत मूल्यांकन हुआ है। कुल मिलाकर जिले में अब तक 82.80 प्रतिशत कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है, जबकि 85,070 उत्तर पुस्तिकाएं जांचनी शेष है।

# 6 करोड़ की लागत से श्रीराम वाटिका तैयार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं व कार्यों से महानगर को नई पहचान मिली है। मुरादाबादवासियों को एक और उपहार मिला है। बुद्धि विहार में 6 करोड़ रुपये की लागत से श्रीराम वाटिका का निर्माण पूरा हो चुका है। यह शहर में नया धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र साबित होगा।

विश्व प्रसिद्ध पीतलनगरी विकास कार्यों के चलते अब पर्यटन के नक्शे पर भी उभरा है। नगर निगम व स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट इसे नई पहचान दिला रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम के द्वारा लगभग 6 करोड़ की लागत से बुद्धि विहार में निर्मित श्रीराम वाटिका शहर में नया धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रुप में स्थापित हुआ है। इसके उद्घाटन के बाद न सिर्फ स्थानीय बल्कि बाहर से आने वालों को भी नया अनुभव मिलेगा। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और रामायण से जोड़ना है।



श्री राम प्रतिमा।

### वाटिका की विशेषताएं

- श्रीराम वाटिका धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हुआ।
- वाटिका में 65 फीट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई।
- वाटिका में रामचरितमानस के प्रसंगों को 44 पैनलों में उकेरा गया।
- वाटिका की दीवारों पर पत्थरों की विशेष नक्काशी की गई

### हनुमान वाटिका भी दर्शनीय

बुद्धि विहार में पहले से स्थापित 6 करोड़ की लागत से हनुमान वाटिका का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले साल 6 अगस्त को किया था। इसकी दीवारों पर हनुमान चालीसा उकेरी गई है। रिसाइकिल धातुओं से मूर्तियां बनी हैं। यहां स्थापित विशालकाय गदा लोगों को आकर्षित करती है। यह स्थान भी धार्मिक पर्यटन की दिशा में प्रमुख धरोहर है।

## चिह्नित भूमि पर कब्जा हटवाने के दौरान महापौर की बाउंड्री तोड़े जाने से गरमाया था माहौल

# धीमरी में सरकारी जमीन कब्जे में लेने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महापौर की आपत्ति के बाद मंडलायुक्त के आदेश पर अमरोहा की एडीएम वित्त एवं राजस्व के नेतृत्व में कराया जा रहा अभिलेखों का सत्यापन

**अमृत विचार :** सदर तहसील के धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए चिह्नित सरकारी जमीन को अब जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग कब्जे में लेने की तैयारी में है। इस गांव में अवैध कब्जा हटवाने के दौरान गांव में स्थित महापौर के जमीन की बाउंड्री तोड़ दिए जाने के बाद प्रशासनिक व राजनीतिक हलचल मच गई थी। महापौर ने मामले में डीएम, मंडलायुक्त से आपत्ति जताकर प्रशासनिक कार्रवाई में मनमानी व लापरवाही से अपने जमीन की बाउंड्री तोड़ने पर नाराजगी जताई थी। हालांकि अगले ही दिन डीएम अनुज सिंह ने महापौर की मौजूदगी में फिर से पैमाइश कराई।

धीमरी गांव में सीएम कंपोजिट विद्यालय के लिए सरकारी भूमि चिह्नित की गई है। इस पर बाउंड्री न होने के चलते आसपास कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया था। जिसकी जानकारी पर जिला प्रशासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर राममोहन मीना के नेतृत्व में राजस्व टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। लेकिन इस दौरान वहां महापौर के जमीन की बाउंड्री भी तोड़ दी गई। जिसके बाद खूब हो हल्ला मचा। महापौर विनोद अग्रवाल ने पहले जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से राजस्व टीम व एसडीएम सदर पर लापरवाही व मनमानी का आरोप लगाकर आपत्ति जताई। बाद में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को भी पत्र लिखकर पार्टी में 40 साल की सेवा की याद दिलाकर छवि बिगाड़ने के प्रयास का आरोप भी प्रशासन पर लगाया था। स्थानीय राजस्व विभाग पर अविश्वास जताते हुए उन्होंने दूसरे जिले के अधिकारी के द्वारा दोबारा पैमाइश कराने की मांग की। जिस पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने अमरोहा की अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जिम्मेदारी सौंपी। उनके नेतृत्व में टीम राजस्व अभिलेखों का अध्ययन करने के अलावा मौके को भी देखा। अब वहां फाइनल पैमाइश होनी है। इसी बीच प्रशासन अब सीएम कंपोजिट विद्यालय की चिह्नित सरकारी जमीन को कब्जे में लेने की तैयारी में है। जिला प्रशासन का कहना है कि पैमाइश पूरी हो चुकी है। एक दो दिन में चिह्नित जमीन अपने कब्जे में ली जाएगी।

# 24 बकायेदारों के प्रतिष्ठान-भवन सील

## नगर निगम की टीम ने 1 करोड़, 15 लाख, 58 हजार, 321 रुपये की बकाया राशि वसूली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में शनिवार को नगर निगम की टीमों ने गृहकर व जलकर के बड़े बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई की। 24 बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान व भवन सील कर दिए। टीमों ने कुल 1 करोड़,15 लाख, 58 हजार, 321 रुपये की बकाया धनराशि वसूल की गई।

नगर निगम के संपत्ति विभाग की टीमों ने कोठीवाल नगर स्थित कुलवन्त सिंह पर 65,0,585 रुपये का टैक्स बकाया था। जिस पर टीम ने प्रतिष्ठान सील कर दिया। गांधी नगर के संजय कक्कड़ पर टैक्स का 19,4,551.22 रुपये और असालतपुरा बड़ी मस्जिद निवासी मोहम्मद शाकिर के प्रतिष्ठान पर 2,20,706.19 और यहीं के मोहम्मद शमीम पर 47,0,192.30 बकाया था जिस पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। मुगलपुरा के निजाम हुसैन पर 8,58,56.95 और रहमतनगर के बब्बन पर 2,05,353.76 व यहीं के मुसर्रफ हुसैन पर टैक्स का 2,11,234.05 रुपये बकाया होने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया।

रहमतनगर के ही हाजी अकरम पर 1,53,362.21 रुपये और पीरगैब के राहत जान पर 1,04,098.85 और यहीं के नफीस अहमद पर 1,21,141.74 और अब्दुल कदीर पर 98,170.53 बकाया था जिस पर प्रतिष्ठान सील किए गए। टीमों ने इसके अलावा मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, कांठ रोड एवं रामपुर रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते कुल 24 प्रतिष्ठानों-भवनों को टैक्स जमा न करने के चलते सील कर दिया।

कार्रवाई के दौरान कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा के अलावा सभी राजस्व निरीक्षक/कर संग्रहकर्ता और प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। टीमों ने व्यक्तिगत संपर्क के दौरान कुल 1 करोड़,15 लाख, 58 हजार, 321 रुपये की बकाया धनराशि वसूल की।



प्रतिष्ठान सील करते निगम के कर्मचारी। • अमृत विचार

### लक्ष्य पूरा करने के लिए अब तीन दिन शेष

वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब सिर्फ तीन दिन शेष रह गया है। इसे देखते हुए नगर निगम की टीमों को टैक्स की बकाया धनराशि वसूलने के और पसीना बहाना पड़ेगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को हर हाल में शासन से निर्धारित टैक्स वसूली का लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया है। ऐसा न होने पर ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

# कल से होगी ओवरहेड टैंकों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कार्य के चलते संबंधित क्षेत्र में तिथिवार बाधित रहेगी जलापूर्ति समय से पानी भंडारण कर लें

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र में जलकल विभाग की ओर से अवर व भूमिगत जलाशयों की सफाई का कार्य 30 मार्च से होना है। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। संबंधित क्षेत्र में तिथिवार कार्य के दौरान जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिसे देखते हुए लोगों को समय से पानी भंडारण करने का आग्रह नगर निगम के महाप्रबंधक (जल) ने किया है।

जारी शेड्यूल के अनुसार गोविंदनगर गुलाबबाड़ी व पंडित नगला के ओवरहेड टैंक की सफाई 30 मार्च को कराई जाएगी। इससे संबंधित क्षेत्र में कार्य के दौरान जलापूर्ति बाधित रहेगी। वहीं करूला व बुद्धि विहार प्रथम के टैंक की सफाई 31 को कराई जाएगी। इसी दिन कार्य पूरा भी करना है। जबकि बुद्धि विहार द्वितीय व लाइनपार प्रथम क्षेत्र के अवर जलाशय में कार्य एक अप्रैल को होगा। शाहपुर तिगरी व लाकड़ी फाजलपुर में दो अप्रैल को होगा। मझोला लाइनपार व लाकड़ी बाईपास क्षेत्र में तीन, कांशीराम योजना बी ब्लॉक व कांशीराम योजना सी ब्लॉक में चार जबकि कांशीराम योजना डी और ई-ब्लॉक में पांच, मानसरोवर व अवंतिका प्रथम क्षेत्र में 6 अप्रैल को कराई जाएगी। इसी अनुसार अन्य जलाशयों की सफाई भी निर्धारित तिथि के अनुसार चलती रहेगी।

## हाईस्कूल में अब आंतरिक मूल्यांकन नहीं, प्रयोगात्मक परीक्षा के मिलेंगे अंक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में विज्ञान और गृह विज्ञान में छात्रों को थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल में भी कौशल दिखाना होगा। बोर्ड ने दोनों में आंतरिक मूल्यांकन व्यवस्था समाप्त कर दी है। इसकी जगह अब नए सत्र से बोर्ड स्तर पर प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। इसमें ग्रेड के साथ अधिकतम 30 अंक दिए जाएंगे, जो सीधे उनकी अंकतालिका में दर्ज होंगे।

यह निर्णय शासन के 29 जनवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में लिया गया है, जिसे अब सरकारी गजट में भी प्रकाशित कर दिया गया है। यह बदलाव छात्रों के वास्तविक कौशल को परखने और मूल्यांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। हाई स्कूल मूल्यांकन प्रणाली लंबे समय से सवालों के घेरे में रही है। खासतौर पर विज्ञान और गृह विज्ञान में होने वाले आंतरिक मूल्यांकन की निष्पक्षता पर लगातार संदेह जताया जाता है। स्कूल स्तर पर दिए जाने वाले प्रैक्टिकल ग्रेड को लेकर पारदर्शिता की कमी और मनमाने अंक देने के आरोप भी लगते रहे हैं। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए अब बोर्ड ने यह निर्णय लिया है। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि स्कूलों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी



### राजकीय नर्सेस संघ की पूनम बनीं अध्यक्ष और सुनैना उपाध्यक्ष

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय नर्सेस संघ की स्थानीय शाखा की शनिवार को नई कार्यकारिणी का गठित की गई। जिला अस्पताल में चुनाव अधिकारी हेमंत चौधरी और उप चुनाव अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा की देखरेख में द्विवार्षिक चुनाव हुआ। सभी की सहमति से पूनम मैसी को अध्यक्ष, सुनैना स्मार्ट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ज्योति को उपाध्यक्ष, प्रतिमा शर्मा को जिला मंत्री व रेखा देवी को संगठन मंत्री चुना गया। फिरोज बी को संयुक्त मंत्री, सीमा भारती को कोषाध्यक्ष, मोनिका चौहान को संप्रेक्षक, योजना को उपमंत्री व सिंधु को प्रचार मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी। इसके अलावा संगठन के विभिन्न पदों पर चयनित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इससे पहले संघ का अधिवेशन हुआ, जिसमें उप्र फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष संदीप बडोला रहे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है, लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और सम्मान नहीं मिल पा रहा है। संगठन को इस दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। उधर, नवगठित टीम ने नर्सिंग कर्मियों के हितों की रक्षा करने और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कामिनी सिंह, लीला, टीना, मधु, ज्योति, जसमीत कौर, आकांक्षा मिश्रा, रेखा, आशुतोष त्यागी, शालिनी भटनागर, कोमल, पुष्पा, सीमा आदि मौजूद रहीं।

### धार्मिक अनुष्ठान के साथ नव निर्मित रामलीला मंचनगृह का लोकार्पण



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डिलारी ब्लॉक क्षेत्र के बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में शनिवार को नव निर्मित श्रीराम लीला मंचनगृह के पूरे होने पर धार्मिक अनुष्ठान व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह निर्माण ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी की निधि से संपन्न हुआ। पंडित सुरेश चंद्र शर्मा ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पंडित राजकुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर में रामलीला मंचन की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। नव निर्मित मंचनगृह से अब आयोजनों को और अधिक व्यवस्थित व भव्य रूप दिया जा सकेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि चौधरी अर्जुन सिंह, प्रेम सिंह ढाका, मुन्ना चौधरी, शंकर सिंह कश्यप, मंदिर प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार रूहेला, ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज आदि रहे।

### रामगंगा को स्वच्छ बनाने में भूमिका निभाने की शपथ



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला गंगा समिति एवं परिवर्तन दी चेंज संस्था द्वारा रामगंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसकी शुरुआत प्रभातफेरी निकाल कर की गई। इसमें स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कॉलेज में स्वच्छ गंगा थीम पर चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता कराई गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि जिला गंगा समिति के एडवोकेट प्रदीप सक्सेना, विपिन गुप्ता, अनामिका त्रिपाठी, जय प्रकाश सक्सेना, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ से आलम, परिवर्तन दी चेंज संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदेश चंद्र भटनागर आदि ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। नमामि गंगे से जिला कार्यक्रम अधिकारी पूजा सिन्हा ने गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण का महत्व बताया। अंत में सभी ने रामगंगा को स्वच्छ बनाने में भूमिका निभाने की शपथ ली।

## आज से एक अप्रैल तक बारिश का अनुमान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पिछले दिनों प्रदेश में बूंदाबांदी के साथ हुई हल्की वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में औसतन 3-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार इसका प्रभाव समाप्त होने से 28-29 मार्च के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग इतनी ही वृद्धि के बाद आगामी पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से फिर 3-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की सम्भावना है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 29 मार्च देर शाम/रात से प्रदेश में वर्षा का अगला दौर आरम्भ होकर महीने के अन्त तक जारी रहने की संभावना है। मौसम तंत्रों के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में भी 2-4डिग्री सेल्सियस के उतार चढ़ाव की संभावना जताई गई है।

## हिन्दू युवा वाहिनी पदाधिकारियों ने मनाया स्थापना दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** हिन्दू युवा वाहिनी मुरादाबाद के अध्यक्ष संस्कार कत्याल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मालवीय नगर स्थित शिव दुर्गा मंदिर परिसर में मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती कर संगठन का स्थापना दिवस मनाया।

संस्कार कत्याल ने कहा कि संगठन सदैव हिंदुत्व की रक्षा और सामाजिक समरसता के लिए समर्पित रहेगा। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ द्वारा स्थापित यह संगठन युवाओं को अपनी संस्कृति और राष्ट्र रक्षा के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इस दौरान इंद्रजीत गुलाटी, नगर निगम के पार्षद देशरत्न कत्याल, वंश माथुर, नरेंद्र कपूर, दिव्य ठाकुर, चंचल कुमार, रत्नाकर मेहता, सचिन नारंग, होरीलाल भटनागर, पराग गुप्ता आदि रहे।

सफलता की ओर कदम बढ़ाएं...
ईपीसीएच के साथ उद्यमी बनने के अपने सपने को पंख लगाएं
chems
हस्तशिल्प निर्यात प्रबंधन में सर्टिफिकेट कोर्स
कुछ नया करने की शुरूआत करें और हमारे निर्यात प्रबंधन कोर्स के साथ सफलता पाएं।

हमारे कोर्स
हस्तशिल्प का अवलोकन | निर्यात मार्केटिंग
डिजाइन ट्रेंड एवं फोरकास्ट | उद्यमिता
निर्यात वित्त एवं बैंकिंग | लॉजिस्टिक्स
निर्यात दस्तावेजीकरण
उत्पादन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
पंजीकरण के लिए कोड स्कैन करें
अगले बैच की शुरूआत 5 अप्रैल 2026
सप्ताहांत कक्षायें रविवार, प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे
कोर्स शुल्कः रु. 10,000 अवधिः 52 घंटे
3डी प्रिंटिंग सेवाएं
अपनी सोच को करें साकार !
• डिजाइन फ्रीडम • कस्टम • अफॉर्डेबल • क्विक टर्नअराउंड
• रैपिड प्रोटोटाइपिंग • बेटर कॉम्यूनिकेशन

ईपीसीएच डिजाइन सेवाएं

ईपीसीएच डिजाइन क्लिनिक
अपने उत्पाद को ग्लोबल ट्रेंड से जोड़े
मुख्य विशेषताएं
फ्यूचर-फेसिंग इन्साइट | ग्राहक की जरूरतों को पूरा करना
मार्केट अवसरों का सृजन | महत्वपूर्ण एवं आवश्यक सिद्धांत
अधिक विवरण के लिए
Moradabad@epch.com
91492 64692, 92670 98572
ईपीसीएच की पहल
EPCH Export Promotion Council for Handicrafts
सेवा केंद्र
ईपीसीएच हाउस
जीरो प्वाइंट, नया मुरादाबाद
मुरादाबाद

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से मांगा सहयोग

## शांति व्यवस्था सुदृढ़ करने को नगर में की गई पैदल गश्त, अफवाह फैलाने पर कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च कोतवाली प्रभारी मनोज परमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ पैदल निकाला गया।

फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों कोतवाली चौराहा, बुध बाजार, पुरानी घास मंडी, कामालपुरी मार्ग, अस्पताल रोड सहित अन्य क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की


ठाकुरद्वारा पुलिस शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकलते हुए। ● अमृत विचार

● **थानाध्यक्ष ने कहा- संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें**

अफवाह, असामाजिक गतिविधि या शांति भंग करने की कोशिश को सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने व्यापारियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार, उपनिरीक्षक ब्रजेंद्र सिंह, रजत चौधरी, विनीत कुमार, बलराम दीक्षित, विनय पाल सहित कांस्टेबल परविंदर कुमार, राजू कुमार, निशांत कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बाजार में पुलिस की सख्ती से दुकानदारों में रोष

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में देर रात पुलिस की सख्ती को लेकर व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि कोतवाली पुलिस बिना किसी स्पष्ट आदेश के रात्रि 11 बजे के बाद बाजार में लॉकडाउन जैसी स्थिति बना रही है, जिससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुकानदारों के अनुसार, पुलिसकर्मी रात में शहर में गश्त करते हुए खुले होटल और चाय की दुकानों पर पहुंचते हैं और डंडा दिखाकर उन्हें जबरन बंद करा देते हैं। इस कार्रवाई से व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि पहले ही बढ़ती महंगाई और गैस के दामों से जूझ रहे छोटे कारोबारी इस अतिरिक्त दबाव से परेशान हैं। व्यापारियों ने बताया कि रात के समय बाहर से आने वाले लोग, विशेषकर उत्तराखंड के काशीपुर में चैती मेला देखकर लौटने वाले यात्री, अक्सर रास्ते में चाय-नाश्ता और मिष्ठान खरीदते हैं। ऐसे में देर रात दुकानें बंद होने से न केवल ग्राहकों को असुविधा हो रही है, बल्कि दुकानदारों की आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। होटल और चाय दुकान संचालकों का कहना है कि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल व भाजपा उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष गौरव चौहान स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि गैस की कीमत कैसे चलते होटल संचालकों के सामने भारी दिक्कत का सामना आ पड़ा है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पहले भी 10 के बाद दुकान बंद करने के निर्देश दिए गए थे उसी के तहत नगर में क्षेत्र की सुरक्षा बनाए रखना हेतु नियम लागू किया गया है।

# बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित


मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर स्थित बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा छह में आलिया नूर प्रथम, तस्मिया द्वितीय और वंशिका माली तृतीय रहीं। कक्षा सात में दिशि प्रथम, प्रिया द्वितीय एवं एलिश तृतीय स्थान पर रहीं।

कक्षा आठ में कामिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आलिया द्वितीय और दिव्यांशी व अक्शा संयुक्त रूप से तृतीय रहीं। कक्षा नौ में गोसिया हातिफ प्रथम, समीरा खानम द्वितीय एवं दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 11 में सोफिया प्रथम, झुमकी द्वितीय और आफिया तृतीय रहीं। विद्यालय की छात्रा कामिनी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में थाना अध्यक्ष सुदेश पाल सिंह उपस्थित रहे। साथ ही एसआई प्रीति सिंह एवं पिंकी भी मौजूद रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. अंजना शर्मा एवं प्रबंधक सुशील कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन चंद्रप्रभा देवी एवं नीरज यादव ने किया।

# खेत में मादा तेंदुआ और शावक दिखने से दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में एक किसान के खेत में मादा तेंदुआ और उसके शावक दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। भय के चलते किसान और मजदूर गन्ने की छिलाई का कार्य बीच में ही छोड़कर वापस लौट आए।

ग्राम निवासी किसान नरोत्तम सिंह के खेत में लगभग 10 बीघा गन्ने की फसल खड़ी है। शनिवार को जब वह अपने परिजनों और मजदूरों के साथ गन्ने की छिलाई के लिए खेत पहुंचे तो उन्होंने गन्ने के खेत में एक मादा तेंदुआ और उसके दो शावक खड़े देखे। यह दृश्य देखकर सभी घबरा गए और मजदूर भी डर के कारण काम छोड़कर लौट गए। सूचना पर आसपास के किसान भी मौके


तेंदुए का शावक।

पर पहुंच गए। लोगों की आहट पाकर मादा तेंदुआ दूसरे खेत में चली गई, जबकि उसके शावक वहीं आसपास देखे गए। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कृष्णवीर सिंह, मनीष कुमार, नरोत्तम सिंह, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए और उसके शावकों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजने की मांग की है।

# सांसद रुचि वीरा ने किया विद्यालय का उद्घाटन

**कांठ, अमृत विचार :** मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुचि वीरा ने शनिवार को ग्राम अकबरपुर चैंदरी में स्थित सीबीएसई बोर्ड के द पोलारिस स्कूल का उद्घाटन किया। इस दौरान मुरादाबाद सांसद विद्यालय का निरीक्षण भी किया। द पोलारिस स्कूल के चेयरमैन अशरफ अली खान ने बताया कि कॉलेज में पहले 150 विद्यार्थियों के प्रवेश निःशुल्क किए जाएंगे। हमारे कॉलेज में शिक्षा के साथ खेल, संगीत व बच्चों के विकास के लिए आवश्यक गतिविधियों के लिए व्यवस्था है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अशरफ अली खान, प्रिंसिपल राखी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। मैनेजिंग डायरेक्टर हसन पठान, सेक्रेटरी रुहिल नसीब पठान, खूशनूद खान, विधायक अनीसुर्रहमान सैफी, डा. सिराजुद्दीन अंसारी, जिला पंचायत सदस्य रहीसुद्दीन मलिक, मनोज कुमार भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# पालकी में सवार कर निकाली महाकाली शोभायात्रा

संवाददाता कांठ

**अमृत विचारः** नगर में धूमधाम से माता महाकाली की वार्षिक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में माता की पालकी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने सुंदर सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा में डीजे तथा ढोल की थाप पर माता के भजनों पर सैकड़ों भक्त झूमते हुए चल रहे थे। उसके साथ ही माता की विशाल पालकी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही थी। माता की पालकी को कंधा देने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी हुई थी। शोभायात्रा में भगवान गणेश, भगवान शिव, अयोध्या श्री रामलला, महाकाली, माता दुर्गा, बाबा महाकाल, खाटू श्याम आदि की झांकी ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा में दूर दराज के क्षेत्र


शोभायात्रा में शामिल माता की झांकी।


शोभायात्रा का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

● **वार्षिक शोभायात्रा देखने को उमड़े श्रद्धालु, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत**

से आई बैंड पार्टियों ने अपने प्रदर्शन से नागरिकों का मन मोह लिया। इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लोग दूरदराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में आते हैं तथा माता की पालकी के दर्शन कर उनसे अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। शोभा यात्रा प्राचीन माता के थान मंदिर से प्रारंभ होकर वैश्य धर्मशाला, मुख्य बाजार, उपदेश नेता का चौराहा, मौहल्ला पट्टी वाला, रविदास धर्मशाला, रामलीला मंदिर होती हुई वापस माता के थान पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष चंद्रपाल विश्नोई, कुलदीप विश्नोई, संदीप विश्नोई, देवेंद्र कश्यप, भाजपा जिला महामंत्री राजन विश्नोई, मनोज विश्नोई, रा. स. सेवा समिति के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, राकेश कुमार, मानस, रजत विश्नोई, अथर्व, संदीप शर्मा, बृजेंद्र विश्नोई, बिट्टू शर्मा आदि लोग बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम राम नरेश यादव, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप सिंह, गौरव यादव भारी फोर्स के साथ तैनात रहे।

# ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी में दी शिक्षा योजनाओं की जानकारी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** उन्मुखीकरण कार्यक्रम के तहत बीएस गार्डन, रामूवाला गणेश में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. वीरसिंह सैनी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से हुई, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों के बीच बेहतर


गांव रामू वाला गणेश में संगोष्ठी में बोलते भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह।

समन्वय आवश्यक है, ताकि बच्चों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। विशिष्ट अतिथि डॉ. वीरसिंह सैनी ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह ने विद्यालयों में अवशेष कायाकल्प कार्यों को आपसी सहयोग से पूरा करने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रूपा आर्य ने किया। कार्यक्रम में पीयूष कुमार प्रशांत, हरवीर सिंह, जयवेंद्र सिंह, वीर सिंह, राकेश कुमार, विजयपाल सिंह, अवधेश कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, मदन पाल सिंह, लेखराज सिंह, दमन चौहान, अंकुर सिंह, सपना चौहान, रजनी मिश्रा, शिवांगी वशिष्ठ, सोमवती शर्मा, कंचन, यासमीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी ने थाना दिवस में लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर दोस्त निवासी बलवीर सिंह ने थाना दिवस में दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी है। उनकी खेती की भूमि में गांव के कुछ लोग जबरन मिट्टी का अवैध रूप से भरान कर रहे हैं। प्रार्थी ने मौजा सुल्तानपुर दोस्त स्थित गाटा संख्या 639क, रकबा 0.0240 हेक्टेयर भूमि में उनका 41/48 भाग पर पंजीकृत बैनामा है तथा वह उक्त भूमि पर काबिज भी हैं। प्रार्थी द्वारा भूमि पर निर्माण की नींव भी रखी जा चुकी है। कोर्ट में केस किया है। इसके बावजूद थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा उनकी भूमि के एक हिस्से पर बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के मिट्टी का भरान करा दिया गया है, जिससे उनके परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने भूमि पर किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप या निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है।

# महाकाली शोभा यात्रा में शामिल कलाकार पुरस्कृत


कलाकार को पुरस्कृत करते अध्यक्ष संजय जैन, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** नगर मेला कमेटी के तत्वावधान में निकाली गई महाकाली शोभायात्रा और मेला रामनवमी का देर रात समापन हो गया। इसके उपरांत कलाकारों और सहयोगियों को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, नगर चौकी प्रभारी अमित कुमार के अलावा सफाई नायकों, लाइट डेकोरेशन, बैंड कलाकारों, विभिन्न स्वरूपों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी ने आयोजन को भव्य बताते हुए सराहना की। पुरस्कार वितरण में कमेटी अध्यक्ष संजय जैन, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, पंकज चौहान, दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, नीरज रोहिल्ला, अभिषेक शर्मा एडवोकेट आदि रहे।

# एसडीएम के आदेश पर चार आरोपी भेजे जेल

**ठाकुरद्वारा, संवाददाता, अमृत विचार :** क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पुलिस द्वारा पकड़े गए चार आरोपियों को एसडीएम न्यायालय के आदेश पर शनिवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने अपनी चलानी रिपोर्ट में कहा कि 28 मार्च 2026 को कस्बा चौकी क्षेत्र में स्थित पशुपति फैक्ट्री के पास पुलिस ने गश्त के दौरान कुछ लोगों को आपस में विवाद करते हुए और आमादा फौजदारी की स्थिति में पाया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

# चार आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**कांठ :** जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल आंतिल के निर्देश पर थाना छजलैट पुलिस ने सक्रिय गैंग बनाकर अपराध करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। 24 मार्च को हुई पुलिस-प्रशासनिक बैठक में अधिकारियों ने संगठित अपराध करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहरावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। गैंग लीडर अनिल कुमार, अजीत सिंह, अमित कुमार, प्रमोद ग्राम कुचावली के खिलाफ हत्या, लूट जैसे अपराधों में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)**

पत्रांक : 1232/न.पा.परि.ह./ दिनांक : 25.03.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हसनपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु ठेका मुर्दा मवेशी (हड्डी खाल) नाला पशु वधशाला ठेका नाला, रहरा रोड नाला, सम्भल रोड, ठेका नाला लाल मस्जिद, ठेका नाला कनेट फुलपुर रोड, ठेका नाला ईदगाह रोड, ठेका, नाला शिवाला रोड, ठेका सफाई खाद कूड़ा, ठेका नाला करनखाल रोड, काला शहीद एवं करबला तालाब के पानी की नीलामी दिनांक 30.03.2026 को समय सायं 3:15 बजे नगर पालिका परिषद हसनपुर के सभाकक्ष में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। ठेका नाला नीलामी की समस्त शर्तो एवं अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस के गृहकर विभाग में की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**हसनपुर (अमरोहा)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**हसनपुर (अमरोहा)**

# भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने वार्ता करके आंदोलित किसानों को समझने का प्रयास किया परंतु सहमति नहीं बन पाई।

धरना स्थल पर ही किसानों ने भोजन का प्रबंध किया। उनका कहना है कि समाधान कराकर ही उठाएंगे। धरने पर मांग उठाई चीनी मिलों पर बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान जल्दी कराया जाए, सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की जाए, स्मार्ट मीटरों के बिल बहुत अधिक आ रहे हैं इसका समाधान कराया जाए। कहा कहने को किसानों के नलकूपों पर फ्री बिजली है परंतु


धरना स्थल पर किसानों से वार्ता करते एसडीएम विनय सिंह। ● अमृत विचार

नलकूपों की लाइन के विद्युत तार बहुत पुराने हैं जो अक्सर टूटते हैं बार-बार बिजली बाधित होती है जिससे सिंचाई भी नहीं हो पाती। मांग उठाई आंधी बरसात में गिरे गेहूं का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति कराई जाए। गेहूं खरीद केंद्र समय से संचालित हों और उन पर बिचौलियों का दखल रोका जाए। यह भी कहा की ग्राम समाज भूमि पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं इन्हें रोकने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र की टूटी सड़कों पर भी कड़ा रोष जताते हुए कहा कि किसानों के वाहन टूट रहे हैं राहगीर गिरकर घायल हो रहे हैं परंतु गड्ढा मुक्त

● **किसानों ने धरना स्थल पर ही बनाया खाना, भरी हुंकार**

अभियान का दावा करने वाली सरकार लंबे समय से देहात की सड़कों को ठीक नहीं करवा रही है। नगर और क्षेत्र में सक्रिय झोलाछाप डॉक्टरों के मुद्दे पर कहा कि वह गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं उनका नेटवर्क बना हुआ है कमीशन एजेंट तय कर रखे हैं इसकी जांच कराकर पूरे रैकेट को समाप्त किया जाए, सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी और उपचार की व्यवस्था बेहतर की जाए। धरने पर तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारी, प्रेमपाल सिंह, जयवीर सिंह, गुड्डू कुरेशी, भानु यादव, अकरम, डा बिलाल, मुहम्मद जाकिर आदि ने अपने विचार रखे।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र रेहान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा उससे वास्ता ताल्लुक नहीं होगा। **मो. शफी पुत्र अहमद नूर नि. ग्राम छितोनी तहसील शाहबाद जिला रामपुर।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद शनीब (Mohammad Shaneeb) से बदल कर मो. शनीब (Mohd Shaneeb) पुत्र मोहम्मद मसूद निवासी बाजार नसरूल्ला खां फूल ताज बीडी रामपुर उ.प्र. रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

## फायरिंग में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर निवासी देवराज मित्तल ने कोतवाली में दी तहरीर में दो युवकों पर फायरिंग का आरोप लगाया, मामले में पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देवराज ने बताया कि 26 मार्च को शाम 5 :30 बजे मुरादाबाद बरेली हाईवे जीरो प्वाइंट बाईपास पर दोस्त के साथ खड़ा था। उनके जानने वाले दो युवक पास आए और बातों-बात में विवाद हो गया और वह देख लेने की धमकी देते हुए चले गए। अगले दिन दोस्त के घर जा रहा था। दो युवक बाइक से पीछा कर रहे थे। घर पहुंचने पर एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। छर्रा लगने से वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि हलका इंचार्ज के द्वारा विवेचना कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## पेंशनरों के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों के लिए अब फैमिली आईडी बनवाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे लगभग 5400 वृद्धावस्था पेंशनर, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं। वे अपनी फैमिली आईडी शीघ्र बनवा लें। लाभार्थी एंड्रॉइड फोन, नजदीकी जन सेवा केंद्र, पंचायत सहायक अथवा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट https :// familyid .up .gov .in पर जाकर स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति और किसानों को सब्सिडी का लाभ भी आसानी से मिल जाती है। राशन कार्ड नहीं हैं, वे भी इस आईडी के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## नाबालिग ले जाने में युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**ढकिया, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के नयागांव उर्फ अहमदनगर निवासी एक व्यक्ति ने शाहबाद कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 14 वर्षीया नाबालिग बेटी को 25 मार्च की शाम सात बजे बरेली के चक महमूद हबीब शाह पुराना शहर बरेली निवासी मनीष शर्मा पुत्र जयदेव शर्मा बहला फुसलाकर ले गया। ढकिया चौकी पुलिस का कहना है कि लड़की बरामद कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पुल पर मरम्मत से दिक्कत में ज्वालानगर की 1 लाख आबादी

### राम-रहीम पुल बंद, 10 किमी. का फेर कम करने के लिए कीचड़ भरे अंडरपास से निकलना बना मजबूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राम-रहीम पुल बंद होने से लोग हाईवे के निकट कीचड़ भरे अंडर पास से गुजर रहे हैं। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर थाना सिविल लाइंस की रेलवे क्रॉसिंग की रेल पटरियां पार कर ज्वालानगर से सिविल लाइंस आ जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पुल बंद करने से पहले प्रशासन को आवाजाही की व्यवस्था कराना चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिसका खामियाजा ज्वालानगर क्षेत्र की करीब 1 लाख आबादी को भुगतना पड़ रहा है।

राम-रहीम पुल बंद होने से ज्वालानगर क्षेत्र की करीब 1 लाख आबादी परेशान है। इसके अलावा आगापुर, अजीतपुर, राजमाता फार्म के लोगों के लिए भी सिविल लाइंस आने-जाने का राम-रहीम पुल ही जरिया है। पुल पर लोगों की आवाजाही 20 मई तक रोक दी गई है। लोगों का कहना है कि पुल की मरम्मत से पहले रेलवे क्रासिंग पर ओवर फुट ब्रिज बनाया जा सकता था इसके अलावा थाना सिविल लाइंस के निकट रेलवे लाइन के नीचे अंडरपास बनाकर लोगों के लिए आवाजाही के लिए नया रास्ता खोला जा सकता था। रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास बनने से लोगों को बहुत राहत मिल सकती है। पुल पर ट्रैफिक का भार भी काफी हद तक कम हो सकता है। राम-रहीम पुल से शाहबाद, बिलारी, अलीगढ़ जाने के लिए वाहन गुजरते हैं। पुल पर आवाजाही बढ़ने से पुल संकरा हो गया है। पुल की मरम्मत के चलते लोगों को 10 किमी का फेर काटकर पनवड़िया रेलवे क्रासिंग या सीआरपीएफ के गेट के सामने बने रेलवे क्रॉसिंग से होकर गुजरना पड़ रहा है।


राम रहीम सेतु पर की मरम्मत करते मजदूर। ● अमृत विचार


कीचड़ भरे अंडरपास से गुजरते लोग।

### परीक्षार्थियों की बढ़ जाती है धुकधुकी

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा देने के लिए सुबह 9 बजे निकलने वाले परीक्षार्थियों की धुकधुकी बढ़ जाती है। क्योंकि परीक्षार्थी पनवड़िया क्रासिंग पर लगने वाले जाम में फंस जाते हैं। सुबह 9 :30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होता है।


पुल बंद होने से लोगों को हाईवे के किनारे बने कीचड़ भरे अंडरपास से होकर गुजरना पड़ता है। लोगों को आवाजाही में बहुत परेशानी हो रही है। - सुबोध


पुल पर लंबे समय तक मरम्मत कार्य होना है। इससे पहले लोगों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कराना चाहिए थी। - नासिर


मरम्मत कार्य कराए जाने से पहले आने-जाने का प्रशासन को इंतजाम कराना था। लोग टूटी सड़कों और कीचड़ भरे रास्तों से गंतव्य पर पहुंच रहे हैं। - चंदन सिंह


लंबे समय तक पुल की मरम्मत चलनी है। गर्मी बढ़ती जा रही है ऐसे में करीब 1 लाख आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। - राहुल कुमार दिवाकर

### शहर विधायक ने निरीक्षण कर दिन-रात कार्य करने के दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ राम-रहीम सेतु पर चल रहे मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार को अतिरिक्त लेबर लगाकर दिन-रात कार्य करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 2 .29 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मरम्मत कार्य में तीन माह का समय तय किया गया है। शहर विधायक ने कहा कि सिविल लाइंस आने जाने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा ले रहे हैं। शनिवार को उन्होंने अधिशासी अभियंता गौरव सहित कार्यदायी संस्था के ठेकेदार के साथ मरम्मत कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदार को निर्धारित समयावधि से पूर्व कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि ज्वालानगर और सिविल लाइंस को जोड़ने के लिए महज यही पुल है। ऐसे में पुल से वाहनों का आवागमन बंद होने की वजह से लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। पुल के ज्वाइंटस आदि के रिपेयरिंग के लिए 31 मार्च तक का समय दिया है। ठेकेदार लेबर बढ़ा दिनरात काम करें।


अधिकारियों से बात करते शहर विधायक।

**अंडरपास का भी किया निरीक्षण**

अंडरपास का भी निरीक्षण किया। यह अंडरपास शिव विहार कॉलोनी के नाले के बराबर से निकल रहा है। इसका प्रयोग दो पहिया वाहनों के आवागमन में किया जा सकता है। जिस कारण अंडरपास को खुलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

> राम-रहीम सेतु के मरम्मत कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा। पूरा प्रयास रहेगा कि जनता को राहत देने के लिए जल्द से जल्द कार्य पूरा कराया जाए। इसके लिए अतिरिक्त लेबर लगाने को कहा गया है। - **गौरव**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड, रामपुर

# हर ब्लॉक से दो-दो बसें जाएंगी दिल्ली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


सांवरिया रिजॉर्ट में मौजूद शिक्षक नेता ● अमृत विचार

● 4 अप्रैल को दिल्ली की महारैली के लिए शिक्षकों ने बैठक की

**अमृत विचार:** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आह्वान पर पूरे प्रदेश भर में 4 अप्रैल 2026 को टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ रामलीला मैदान दिल्ली में प्रस्तावित महारैली को लेकर शिक्षक तैयारी में जुटे हैं। शनिवार को सांवरिया रिजॉर्ट में जिला कार्यसमिति, ब्लाक कार्य समिति व संघर्ष समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में महारैली को कामयाब बनाने के लिए मंथन किया गया। मुख्यातिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संजय सिंह रहे। प्रांतीय पर्यवेक्षक मुकेश चौहान मांडलिक मंत्री बरेली मंडल बरेली विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि हर ब्लॉक से दो-दो बसें जाएंगी। डॉ. राजवीर जिलाध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने कहा कि हम एकजुटता के साथ लड़ाई को लड़ेंगे। चरन सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जनपद में चल रही ब्लॉक बार तैयारियों की का विवरण रखा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष रहमत अली, ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र हल्दिया, मनोज कुमार ब्लॉक मंत्री, संदीप शर्मा, भुपेंद्र प्रताप राव, नीतू आनंद, शकुंतला आर्य, मीना कुमारी शर्मा, कृष्ण प्रसन्न प्रकाश, अशोक रावत, सौरभ शर्मा, अमितेश झा, रामकिशोर, ऋषिपाल, टीकाराम शर्मा, अनुसेंद्र चौहान, राजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, सुरेश कुमार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कें दुरुस्त व सुरक्षा हो सुनिश्चित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में शनिवार को डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं एसपी विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। डीएम ने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कें दुरुस्त करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

डीएम ने औद्योगिक विकास, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण व उद्यमियों की समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला पंचायत विभाग को निर्देश दिए। कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाए। एसपी ने ने कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भमरौआ रोड सहित प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यमियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। डीएम ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या व पतंगबाजी के कारण होने वाली बाधाओं पर नियंत्रण के लिए निर्देश दिए।

सहायक श्रम आयुक्त ने रोजगार योजना व श्रम योगी मानधन योजना की जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी और व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।


विकास भवन में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में मौजूद डीएम व अधिकारी।

### ई-ऑफिस लागू करने में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम ने जिले के सभी विभागों को सभी शासकीय कार्य अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संपादित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्मिकों (चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालक को छोड़कर) को ई-ऑफिस पर अनिवार्य रूप से मैप कराएं। यदि किसी कार्मिक की ई-ऑफिस पर मैपिंग नहीं कराई गई है, तो ऐसे कार्मिक का वेतन आहरित न किया जाए। मार्च 2026 के वेतन आहरण के समय कोषागार में बिल प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण-वितरण अधिकारी को एक प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि संबंधित सभी कार्मिक ई-ऑफिस पर मैप हो चुके हैं तथा सभी पत्रावलियों का निस्तारण ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जा रहा है। चेतावनी दी कि यदि अनुपालन में लापरवाही मिली है, तो संबंधित व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

# आर्थिक उन्नति में व्यापारियों का योगदान

संवाददाता, बिलासपुर


बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख।

● उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में बोले ब्लॉक प्रमुख

**अमृत विचार:** शनिवार को मोहल्ला टांडा हुरमतनगर चांद के पार स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संगठन मंत्री अमीर अहमद के आवास पर बैठक हुई। इसमें ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने कहा कि देश व प्रदेश की आर्थिक उन्नति में व्यापारियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर व्यापारी समाज के साथ खड़ी है। उनकी समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। आर्थिक उन्नति में योगदान को देखते हुए उन्हें हर संभव मदद व सुरक्षा दी जा रही है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि संगठन हर पीड़ित व्यक्ति के साथ खड़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाएं जाने का आह्वान किया। संगठन मंत्री अमीर अहमद और तहसील अध्यक्ष मोहम्मद यासीन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीमा खानम, मोहम्मद तारिक, हुसैन बख्श, मोहम्मद इमरान, मेंहदी हसन, मुजाहिद अली, राहिद खां, कामरान खां, रामजीवन गौतम, किशोरी लाल प्रजापति, विजय सिंह, बलवंत सिंह, करन मसीह, मोहम्मद जाकिर, परमजीत सिंह, राही खां, डॉ. अफसर अली, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन मौलाना मुजाहिद ने किया।

# बिना पंजीकरण चल रहे दो क्लिनिक सील

संवाददाता, शाहबाद

● नोडल अधिकारी की कार्रवाई दोनों संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की सख्ती के बीच नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने शनिवार को क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे दो क्लीनिक पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दोनों क्लीनिक को सील कर दिया गया। वहीं संचालकों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

नोडल अधिकारी की टीम ने सबसे पहले उवैश फ्रैक्चर एंड फिजियोथेरेपी सेंटर पर छापा मारा। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद संचालक उवैश से क्लिनिक के पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि क्लिनिक का अब तक पंजीकरण नहीं कराया गया है। इस पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया। इसके बाद टीम ने अकरम फ्रैक्चर क्लिनिक का निरीक्षण किया। यहां भी संचालक अकरम से पंजीकरण के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह भी कोई प्रमाण नहीं दिखा सका। उसने भी क्लिनिक का पंजीकरण न होने की बात कही। इस पर अधिकारियों ने उक्त क्लिनिक को भी सील कर दिया। नोडल अधिकारी देवेश चौधरी ने बताया कि बिना पंजीकरण स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करना नियमों के विरुद्ध है। कहा कि दोनों संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पंचायत चुनाव में मिलेगी भागीदारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मिलक के ग्राम धनेली उत्तरी में शनिवार को जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर बैठक की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में भाजपा युवाओं व महिलाओं को पूरी भागीदारी देगी।

उन्होंने कहा कि सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि वहां का प्रत्येक नागरिक सशक्त हो। राजनीति में महिलाओं की संख्या कम रहती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। न सिर्फ महिलाओं को हर तरह के चुनाव में भरपूर अवसर मिलेगा, बल्कि वह जीतने के बाद गांव, जनपद और फिर प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। यही नहीं युवाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका भी बढ़ाई जाएगी। क्योंकि, युवाओं के सामर्थ्य और उनकी ऊर्जा का लाभ लिया जाए, तो देश तेजी से प्रगति करेगा। कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव में जुटने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, लाल सिंह प्रजापति, विवेक रुहेला, कुमारपाल प्रजापति, टेकचंद गंगवार, हरीश प्रजापति, अजय बाबू गंगवार, राजीव गंगवार, हिमांशु कुमार, वेदराम राठौर, छत्रपाल सिंह, मोनू सागर, अंशु गंगवार आदि मौजूद रहे।


मिलक के ग्राम धनेली उत्तरी में बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार।

● मिलक के ग्राम धनेली उत्तरी में आयोजित बैठक में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष

संकट | गैस खत्म होने से हो रही परेशानी, एजेंसी के चक्कर लगा रहे लोग

# तीन-तीन बार बुक कराने पर भी नहीं मिल रहा गैस सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** तीन-तीन बार गैस बुक कराने के बावजूद लोगों को गैस नहीं मिल रही है। एलपीजी खत्म होने से लोगों को परेशानी हो रही है सिलेंडर के लिए लोग एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। एजेंसी वाले उपभोक्ताओं को सही जवाब नहीं दे रहे हैं।

लोगों के घरों में बीस-बीस दिन से सिलेंडर खाली हो गए हैं। लोग गैस के लिए परेशान हो रहे हैं। किसी के घर पर 10 दिन से तो किसी के घर पर 20 दिन से गैस नहीं है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद गैस का संकट गहरा गया है। मोबाइल पर गैस बुक कराई जाती है लेकिन, ओटीपी नहीं आ रहा है केवाईसी करा दी गई उसके बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है। उपभोक्ता गैस एजेंसी पर सिलेंडर मिलने के इंतजार में घंटो बैठ रहे हैं। सबसे अधिक समस्या महिलाओं के सामने है जिनके पति नौकरी के सिलसिले में दूसरे जिलों या दूसरे राज्यों में हैं उन्हें गैस बुक कराने के लिए स्वयं ही दौड़ लगाना पड़ रही है। शहर निवासी कनीज बेगम बताती हैं कि उन्होंने तीन बार गैस बुक कर दी है लेकिन, उन्हें सिलेंडर नहीं मिला है। अब एजेंसी पर कहा जा रहा है कि पहली तारीख के बाद आना।


आठ दिन से घर पर गैस खत्म हो चुकी है और लकड़ियों के चूल्हे पर खाना बन रहा है। गैस एजेंसी पर आए हैं और गैस बुक नहीं हो रही है। गैस के बिना काफी दिक्कत हो रही है। - दिलशाद


तीन बार गैस बुक कराने के बाद एजेंसी पर गैस लेने आए हैं लेकिन, गैस नहीं मिल रही है। हमारे घर पर हमारा सिलेंडर नहीं पहुंचा है। गैस नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है। - कनीज बेगम


एक महीने से गैस की बुकिंग करा रखी थी। घर पर लकड़ियों के चूल्हे पर बमुश्किल खाना बन रहा था। एजेंसी के कई चक्कर लगाने के बाद आज सिलेंडर मिल गया है। - अनवर


गैस खत्म होने के बाद मोबाइल पर गैस बुक करा दी थी और बुकिंग का मैसेज भी गया था। अब देखना है कितने दिन में गैस का सिलेंडर मिलता है। गैस बिना परेशानी हो रही है। -मोहम्मद आसिफ

### गैस की किल्लत बढ़ने से बढ़े कोयले और लकड़ी के दाम

**रामपुर, अमृत विचार :** गैस की किल्लत बढ़ने से कोयले और लकड़ी के दाम बढ़ गए हैं। कई कंपनियों ने डीजल के स्टोव लांच कर दिए हैं और एक लीटर डीजल में स्टोव 10 घंटे जलने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा इंडक्शन और बिजली क चूल्हों की मांग भी बढ़ गई है। गैस किल्लत से हर खासो आम परेशान हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद सिलेंडर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया गया है। जबकि, प्रशासन लगातार गैस होने का दावा कर रहा है। लकड़ी और कोयले की मांग बढ़ने पर उनके दाम बढ़ गए हैं। बाजार में 100 रुपये की 10 किलो जलाने की लकड़ी और 15 रुपये कोयला बिक रहा है। कोयला कारोबारी रहमत बताते हैं कि सिलेंडर की दिक्कत होने पर लोगों ने कोयले की खरीदारी शुरू कर दी है। कोयले पर दूध गरम करते हैं और चाय आदि बन जाती है। बाकी काम लकड़ी के चूल्हे पर हो जाता है। बताते हैं कि घरों और होटलों में पत्थर के कोयले मांग बढ़ गई है।


बाजार में लकड़ी बेचते दुकानदार।

## किसानों से उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की अपील

**रामपुर, अमृत विचार:** जिले में निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 18615 मीट्रिक टन यूरिया, 9207 मीट्रिक टन एनपीके तथा 2458 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने किसानों से अपील की है कि फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय एवं उपयोग करें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गन्ना एवं मक्का की फसल खड़ी है, जिसमें किसान आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप तथा पानी की अधिक मांग जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उर्वरक क्रय करते समय आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी उर्वरक विक्रेता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता से अधिक उर्वरकों का भंडारण न करें। कालाबाजारी व अन्य शिकायत 7839882763 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

# सनातन धर्म किसी को बेदर्दी से पीटना नहीं सिखाता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा में जयपुर से आए व्यास देवराज महाराज ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की सेवा कर रहे 16 साल के बटुक की शिखा पकड़कर उसे लातों से मारना सनातन धर्म नहीं सिखाता।

कथा संपन्न होने के बाद महाराज ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि कहा कि तुलसीदास ने लिखा है कि कलयुग में जो धरा तो भार ढो रही है वह ब्राह्मणों की वजह से ढो रही है। किसी भी देश को समाप्त करना है तो उस देश की संस्कृति को खत्म कर दो। कहा कि श्रीलंका का इतिहास उठाकर देखो वहां भी ऐसा ही हुआ है। एक सवाल के जवाब में कहा कि शंकराचार्य जी के साथ जो हुआ उस पर जो बड़े हैं वह नहीं बोल रहे तो हम क्या बोले। जिस रावण का पुतला जला रहे हैं उस रावण से भी यह सीख लेने की जरूरत है कि भले ही उसने सीता जी का हरण किया लेकिन, उसने सीता माता पर कुदृष्टि नहीं डाली।


बात रखते देवराज महाराज।

● शंकराचार्य की सेवा कर रहे बटुक को पीटना गलत

● जयपुर से आए व्यास देवराज महाराज ने दी प्रतिक्रिया

# कार की टक्कर से घायल बच्ची की मौत

## टांडा में 22 मार्च को घर के बाहर खेल रही थी निधि तभी हुआ हादसा, दिल्ली में उपचार के दौरान दम तोड़ा

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार:** घर के बाहर खेल रही मासूम बालिका को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया था। गंभीर रूप से घायल बच्ची को अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया, जहां दिल्ली में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर चार आरोपियों पर केस दर्ज किया।


मृतक निधि पाल।

नगर के मोहल्ला मरघटी निवासी दुर्गेश पाल की तीन वर्षीय पुत्री निधि पाल 22 मार्च को घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान उधर से निकल कर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और परिजन तत्काल उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद


बच्ची की मौत के बाद गमगीन परिजन ● अमृत विचार

● **शव घर पहुंचा तो रो-रोकर बेहाल हुए परिजन**

हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को दिल्ली में उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। जहां से मृतका के शव को टांडा लाया गया। मृतका के पिता द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि उसकी पुत्री घर के बाहर खड़ी थी तभी एक कार ने उसको टक्कर मार दी आसपास खड़े लोगों ने कर को रोकने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए, परिजन बच्ची के इलाज का खर्च परिवार वालों से मांगने गए तो उन्होंने किसी भी तरह के खर्च देने से इंकार कर दिया, पुलिस ने परिजनों से बात कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों प्रशांत ठाकुर, विवेक, निखिल कुमार और कपिल चौहान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार ने साइकिल को मारी टक्कर, तीन लोग हुए घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव रतनपुरा मार्ग पर बाइक सवार ने दो साइकिलों पर जा रहे मजदूरों को टक्कर मार दी। जिसके चलते तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा खौंदलपुर से रतनपुरा जाने वाले मार्ग पर हुआ। तीनों घायलों में मनुनगर गांव निवासी राजाराम और गांव रतनपुरा निवासी प्रभु व अनुज शामिल हैं। राजाराम मजदूरी करने के बाद बाइक से साथी को लेने रहा था। वहीं प्रभु व अनुज एक खेत में गन्ना लगाने के बाद साइकिलों से घर लौट रहे थे। सीएचसी में इलाज के दौरान तीनों के परिजन भी पहुंच गए। चिकित्साधिकारी डॉ. तारिक इमरान ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार के उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रंजिश के चलते युवक से मारपीट, दर्ज रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हामिदाबाद निवासी दीन मोहम्मद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 मार्च को उसका पुत्र राशिद अली मजदूरी कर घर लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में घात लगाएं बैठे नूर अहमद, नूर हसन और रिहान ने राशिद पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सीएससी पर भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तीनों व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शिक्षा निकेतन में परीक्षा फल घोषित

**मिलक, अमृत विचार :** श्री गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा पर घोषित किया गया है शनिवार को नगर स्थित श्री गुरु अमरदास शिक्षा निकेतन जूनियर बेसिक स्कूल में प्राइमरी विभाग हिंदी व अंग्रेजी माध्यम का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय के सरदार गुरजोत सिंह भल्ला और देवेंद्र सिंह प्रबंधक, प्रधानाचार्य भारती पांडेय एवं अभिभावक सहित शिक्षिकाएं सोनाक्षी, रोशनी रश्मि गुप्ता शीबा खान एवं आशा शर्मा आदि मौजूद रहे। सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 5 के विद्यार्थी सम्मानित किए गए।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से गई साइकिल सवार किसान की जान

**ढकिया, अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। ढकिया चौकी क्षेत्र के यूसुफनगर गांव निवासी किसान शेर सिंह (60) शुक्रवार शाम को गांव से साइकिल से ढकिया कस्बे की साप्ताहिक बाजार करने आए थे। लोगों ने बताया कि ढकिया साधन सहकारी समिति के समीप शाहबाद आसफपुर मार्ग पर आसफपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल को टक्कर मार दी। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही ढकिया चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में ली। हालत गंभीर देख निजी डॉक्टर ने बाहर ले जाने को कहा। परिजन मुरादाबाद ले गए। जहां शेर सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर भेज दिया। बेटे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।


मृतक शेर सिंह।


रामपुर में पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

## डंपर व ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत, दोनों चालक घायल


शाहबाद-बिलारी मार्ग पर हादसे के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त डंपर। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को शाहबाद-रामपुर स्टेट हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। पीपला मंसूरपुर गांव के सामने डंपर और लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और डंपर चालक केबिन में फंस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और लोगों ने करीब दो

● **शाहबाद-रामपुर स्टेट हाईवे पर हुआ हादसा**

घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद डंपर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को 112 पुलिस वाहन से सीएचसी शाहबाद लाया गया। वहीं, हादसे में घायल ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। हादसे के कारण हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

## मानवता की सोच को आकार देने वाली शक्ति है एआई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित**

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में शनिवार को विकसित भारत-2047 एआई, वीआर और 3डी प्रिंटिंग विषय पर कार्यशाला हुई। कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि एआई मानवता की सोच को नया आकार देने वाली शक्ति है। एआई ज्ञान, गति और समाधान का अद्भुत मिश्रण है। यह सपनों को सच करने का नया डिजिटल साथी है।

विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ पौधरोपण से हुआ। अतिथियों का स्वागत कृषि डीन डॉ. गुलअफशा ने पुष्प गुच्छ देकर किया। विकास कुमार गौतम ने कहा कि एआई ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजमर्रा की जिंदगी में क्रांति ला दी है। इसके माध्यम से समस्याओं का समाधान आसान और तेज हो रहा है। कुलपति ने कहा कि एआई का सही तरीके से उपयोग करना सीखना होगा और इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त नियम और नैतिकता अपनानी होगी। एआई, वीआर, 3डी प्रिंटिंग के बारे में जागरूकता बढ़ाना होगी।

कार्यक्रम में डॉ. गुलरेज निजामी, डॉ. मोबीन, अकबर मसूद, डॉ. मोबीन, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. गुल अफ्शा, प्रशासनिक अधिकारी श्री अकबर मसूद, रंजीत, चमन, मिस रबिया खान आदि मौजूद रहे। डॉ. मोहम्मद अब्बास ने आभार जताया जबकि, संचालन राबिया खान ने किया।

## एआरपी संघ ने समस्या समाधान की उठाई मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** एआरपी संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को बीएसए और डाइट प्राचार्य को विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिलाअध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने समस्याओं को रखा।

ज्ञापन में मार्च माह का शेष मोबिलिटी भुगतान शीघ्र कराने, विभागीय कार्य के दौरान मोबिलिटी भत्ते में कटौती न किए जाने तथा छह साथियों के लंबित टीएलएम भुगतान की मांग की गई। इसके साथ ही नवोदय विद्यालय एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के लिए छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरवाने तथा विद्यालय से परीक्षा केंद्र तक लाने-ले जाने हेतु एसएमसी खाते में यात्रा भत्ता उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह, महामंत्री परितोष कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राशि सक्सेना, रोहित शर्मा, सचिन पांडे, वरुण कुमार, श्वेता दुहन, जिला मीडिया प्रभारी मोइन मियां सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार:** शहीद-ए-मिल्लत अजीज-उल औलिया हजरत ख्वाजा सूफ़ी अब्दुल अजीज मियां के उर्स में शनिवार कुल शरीफ मे हजारों हाथ दुआ के लिए एक साथ उठे।

तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित दरगाह सूफी अब्दुल अजीज मियां का 56 वाँ सालाना उर्स के तीसरे दिन आज सुबह 11 बजे से कुल शरीफ का आगाज़ खानक़ाहे हसनी, अजीजी, लियाकती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह की सरपरस्ती में शुरू हुआ। इसमें सबसे पहले उलेमाओं तिलावत -ए-कुरान और तकरीर की। आखिर में मुल्क में अमन चैन और भाईचारे के लिए दुआ हुई। कुल शरीफ में देश विदेश से आये जायरीनों ने शिरकत की


सूफ़ी अब्दुल अजीज मियां की दरगाह पर मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार

● **सूफी अब्दुल अजीज मियां के कुल में दुआ को उठे हजारों हाथ**

कुल शरीफ के बाद महफिले रंगो शमा का आगाज हुआ। जिसमे अकीदतमंद जमकर झूमें और उसके बाद लंगर ख्वानी हुई। बाद नमाज-ए-इशा मुशायरा और महफिले शमा का कार्यक्रम हुआ। जो देर रात्रि तक चला। रविवार को आखिरी दिन जुलूस संदल शरीफ, गुस्ल शरीफ और शाम को महफिलो रंगों शमा के साथ उर्स खत्म होगा।

इस दौरान सूफी कमरुद्दीन लियाकती फतेहपुर सीकरी, सूफी इकबाल लियाकती पूरनपुर, सूफी मुजम्मिल बैगलोर, सूफी संजीव मलिक दिल्ली, मो.यामीन खान पूर्व प्रधान, सूफी मुस्ताक अली , सूफी इरशाद हुसैन पूरनपुर आदि शामिल रहे।

## सैलून संचालक की मौत में चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**मसवासी, अमृत विचार:** सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर से सैलून संचालक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वार्ड नंबर 13 निवासी जरीफ अहमद पुत्र मोहम्मद शफी 23 मार्च की शाम खाना खाने के बाद सड़क पार कर रहे थे। तभी बाजपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। काशीपुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बड़े भाई मोहम्मद रफी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पार्क का नाम गुरु रविदास रखने की मांग, सौंपा ज्ञापन


शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** संत शिरोमणि रविदास उत्थान सेवा समिति ने शनिवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की है कि शहर में नवाब रेलवे स्टेशन के निकट जिला प्रशासन द्वारा पार्क का निर्माण किया जा रहा है। जो कि रामपुर वासियों के लिए गर्व का विषय है। वर्तमान सरकार ऋषि मुनियों संतो के प्रति लगवा रखती है। इस पार्क का नामकरण भी होना है, पूरे जिले में देश के सुप्रसिद्ध संत शिरोमणि गुरु रविदास के नाम पर कोई पार्क नहीं है। जिसके दृष्टिगत समाज द्वारा सुझाया गया, पार्क का नाम संत शिरोमणि गुरु रविदास पार्क के नाम रखा जाए। इस दौरान प्रेम शंकर सागर, राज किशोर, वैशाली, विजय कुमार, प्रमोद कुमार सागर, शिव कुमार सागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 10वीं की अंग्रेजी विज्ञान, गणित का मूल्यांकन पूरा

**रामपुर, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की शनिवार तक हाईस्कूल की एक लाख 10 हजार, जबकि इंटरमीडिएट की 66 हजार उत्तर पुस्तिकाएं का मूल्यांकन हो गया है। जिसमें हाईस्कूल की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, संगीत की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है। इंटर की व्यावसायिक, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा गया है।

मूल्यांकन कार्य राजकीय रजा इंटर कॉलेज और राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज में हो रहा है। मूल्यांकन नियंत्रक अभिलाष कुमार ने बताया कि जांचने के लिए करीब 14000 कापियां बची हैं उन्होंने भी बताया कि सोमवार तक निपट जाएगा।

## थाना समाधान दिवस में तीन शिकायतों में एक का निस्तारण


शाहबाद कोतवाली में शिकायतें सुनते कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार।

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी गईं। समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। कुल तीन शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि दूसरी शिकायत को जांच और समाधान के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान एसएसआई रामचंद्र दिवाकर, अपराध निरीक्षक जयप्रकाश यादव, हेड मोहर्रिर दिलशाद खां, राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना, मुकेश सक्सेना और क्षेत्र के लेखपाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### गौरव बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर



**रामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड स्वार के प्राथमिक विद्यालय धूलिया गंज में शनिवार को परीक्षाफल वितरण व विदाई समारोह हुआ। इसमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब कक्षा-5 से गौरव को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मुख्यातिथि सहायक अध्यापक अनिल कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विशिष्ट अतिथि गुरप्रीत सिंह सहायक अध्यापक ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष हर स्वरूप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी दी। वार्षिक परीक्षाफल में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर कक्षा 1 से अनमोल, राघव, सुहानी, कक्षा 2 से सुमित दीपक सुहानी, तीन से साक्षी पूजा, प्रिंस, चार से ज्योति, साक्षी, पल्लवी, पांच से गौरव, चांदनी, शिवा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक नरेश कुमार ने सभी मेधावियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन राजपाल सिंह ने किया।



### ग्रीनवुड के टॉपर्स सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी में मुख्य अतिथि सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कक्षा-5 के पांच टॉपर्स को सम्मानित किया। डायरेक्टर शाहिद खान, जॉइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद व स्टाफ ने सांसद का स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके बाद सांसद ने कक्षा-5 के टॉपर्स और उत्तीर्ण बच्चों को परीक्षा फल के साथ मेडल व उपाधि दी। कक्षा पांच ए के टॉपर अलविया हसन, आरव गंगवार, अथर्व कुमार, कक्षा-पांच बी के टॉपर अयान अयान अहमद, नताशा वजाहत, अहजर खान, सी के टॉपर सादिया, जुबिया, रेहनुमा, डी के टॉपर अनिरुद्ध सैनी, फिरोज खान, निव्या और ई सेक्शन के टॉपर मो. अशरिब, रिदा फातिमा, उमर अफरोज रहे। सांसद ने जीवन में मेहनत और अनुशासन का महत्व बता उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### वार्षिकोत्सव मनाया

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को शाहबाद ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय गौसमपुर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आरंभ ग्राम प्रधान रोशन देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित अभिभावकों में कुसमा देवी, जाकिर हुसैन एवं गीता देवी शामिल रहे, जबकि छात्र-छात्राओं में अलशिफा, सयमा, अंशिका आदि को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। जिनमें पुष्पेंद्र जौहरी, तेजपाल सिंह, आनंद प्रकाश गुप्ता, ज्योत्सना, पुष्पा सिंह, वसीम अहमद , दीपक सिंह एवं जोगिंदर सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### कंपोजिट विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बच्चे सम्मानित



**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में उत्कृष्ट उपलब्धि सम्मान समारोह हुआ। जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को सर्वाधिक उपस्थिति व अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया। घाटमपुर के ग्राम प्रधान जावेद अली ने सर्वाधिक उपस्थिति वाले आठ बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय के 6 अनुशासित बच्चों, 24 मेधावी और मिड-डे मील समिति के 4 बच्चों व अभिभावकों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधान जावेद अली ने कहा कि पुरस्कार से दूसरे बच्चे एवं उनके अभिभावक भी प्रेरित होते हैं। सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों के अभिभावक नईम अली, मिक्की खान, रिजवान अली, सुरेश, बब्बो, सुनीता, उर्मिला, राकेश सैनी आदि को ग्राम प्रधान जावेद अली द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मिड डे मील समिति के 4 बच्चों रिजवा, इशा, राधिका, विधि एवं 6 अनुशासित बच्चों अर्श, जतिन, राजेश, कमल, अयान, सन्नी, एवं 24 मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

## ठगे गए रुपयों में 1.16 लाख रुपये कराए वापस

**रामपुर, अमृत विचार:** थाना साइबर क्राइम ने ई-चालान एप भेजकर फोन हैक कर ठगी गयी धनराशि में से 1.16 लाख रुपयेरु अजीतपुर निवासी मेहरबान रजा को वापस कराए।

मेहरबान के फोन पर ई चालान एप भेजकर फोन हैक कर 1.16 लाख रुपये का साइबर फ्रॉड करने के सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम में दर्ज कराया गया था। थाना साइबर द्वारा तकनीकी सहायक के माध्यम से तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए पीड़ित के साथ धोखाधड़ी कर ठगी गए 1.16,000 रुपये वापस कराए गए हैं। शेष धनराशि वापस कराये जाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मनीराम सिंह, नितिन कुमार, रेशमपाल और स्वाति नागर ने तकनीक से पीड़ित के रुपये वापस कराए हैं।

## आत्मनिर्भर बन रोजगार देने वाला बनें युवा


केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद युवा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पहाड़ी गेट स्थित हस्तकला एवं सामान्य सुविधा केंद्र में शनिवार को स्वरोजगार मेला लगा। मेले में उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

● **हस्तकला एवं सामान्य सुविधा केंद्र में लगा स्वरोजगार मेला**

प्रतिभागियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक ऋण, प्रशिक्षण एवं अन्य सुविधाओं से रूबरू कराया। मेले के दौरान विभिन्न विभागों, बैंकों एवं प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां अभ्यर्थियों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण की सुविधा के तहत इच्छुक अभ्यर्थियों को तुरंत योजनाओं से जोड़ा गया। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल रोजगार उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार प्रदाता बनाना भी है। युवाओं से कहा कि वे योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें। इस मौके पर सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन, जिला अग्रणी प्रबंधक शिवांग जोशी, निदेशक आरसेटी देशराज मीणा आदि उपस्थित रहे।

## नशे में पुलिस को दी गोकशी की झूठी सूचना

**बिलासपुर, अमृत विचार:** खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव ऊधमपुर निवासी छोटेलाल ने शराब के नशे में गांव में हंगामा किया। इसके बाद 112 नंबर पर डायल कर पुलिस को गोकशी की झूठी सूचना दे दी। सूचना मिलने पर खजुरिया थाने के उपनिरीक्षक अबरार खां मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पाया कि गोकशी की सूचना पूरी तरह से झूठी थी और शिकायतकर्ता नशे में गांव में उपद्रव कर रहा था। पुलिस ने छोटेलाल को हिरासत में ले लिया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस के अनुसार छोटेलाल शराब के नशे में आटे का बोरा लेकर घर जा रहा था। गांव के एक व्यक्ति ने छोटेलाल को नशे में देखकर उसका बोरा उसके घर तक पहुंचाने में मदद की। बाद में वह मदद करने वाले से भिड़ गया और पुलिस को फोन कर उस व्यक्ति पर गोकशी का आरोप भी लगा दिया। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि चालान कर दिया है।

# मंत्री ने हॉस्पिटल निर्माण में निकालीं खामियां

## बछरायूं में निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

**संवाददाता बछरायूं/मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत बछरायूं स्थित संयुक्त चिकित्सालय में निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने जायजा लेते अधिकारियों के समक्ष तमाम खामियां निकालीं जिन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने फायर फाइटिंग सिस्टम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्प्रिंकलर पाइपलाइन की जांच कराने तथा आईसीयू की खिड़कियों में पाए गए गैप को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य जून तक गुणवत्ता के साथ पूरा कराने पर जोर दिया। परिसर में साफ-सफाई और पानी की टंकी की नियमित सफाई करने को कहा। अधिशासी अभियंता ने बताया कि मुख्य भवन का स्ट्रक्चर, प्लास्टर, पेंटिंग व फ्लोरिंग कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि फॉल्स सीलिंग व फायर फाइटिंग कार्य प्रगति पर है। कार्यों की फिनिशिंग संतोषजनक न मिलने पर मंत्री ने नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए। साथ ही दूसरी ओर उत्तर प्रदेश शासन में वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री केपी मलिक ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत जानी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत मंत्री ने अस्पताल परिसर में निर्मित एवं निर्माणाधीन ओपीडी लाइन और व्यवस्थाओं को देखकर की। इसके बाद उन्होंने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष तथा ब्लड लैब का निरीक्षण किया। मंत्री ने मरीजों से बातचीत की। अस्पताल स्टाफ को निर्देश दिए कि मरीजों के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। लेबर रूम के निरीक्षण में खिड़की का बीम और शीशा टूटा हुआ पाया गया, जिस पर मंत्री ने तुरंत मरम्मत और शीशा बदलवाने के निर्देश दिए।



अस्पताल का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार

### मलिन बस्ती का दौरा कर लाभार्थियों से किया संवाद

मंडी धनौरा। प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने नगर पालिका की मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से घर-घर जाकर बातचीत की और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। साथ ही क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर पात्र लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, एसडीएम विभा तहसीलदार मूसाराम थारू व स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारीगण और सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## चार नलकूपों के ताले तोड़कर चोरी

**संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को चोरों ने एक ही रात में चार किसानों के नलकूपों को निशाना बनाकर चोरी की। गांव मिलक घेर में निवासी किसान ओमप्रकाश, लालू, चंदू और दुर्जन के नलकूपों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। शातिर चोर वहां से भारी मात्रा में कॉपर केबिल, स्टार्टर-ऑपरेटर और लोहे का अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। शनिवार सुबह जब पीड़ित किसान खेतों की ओर घूमने गए, तो नलकूपों के टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। एक साथ चार स्थानों पर हुई इस चोरी से किसानों में आक्रोश है। चोरी से सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने कोतवाली में तहरीर देकर चोरों की जल्द गिरफ्तारी और सामान बरामदगी की मांग की है। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया चोरी की तहरीर मिली है, पुलिस मौके पर भेजी गई है।

## 20 मिनट की बैठक में 23 लाख रुपये का बजट पास

**संवाददाता, हसनपुर**

● नगर पालिका हसनपुर की बैठक में टैक्स घटाने की की मांग

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभागार में चेयरमैन राजपाल सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को वित्त वर्ष के बजट को लेकर बैठक हुई। इस दौरान 2026-2027 आमदनी व खर्चे की रिपोर्ट के साथ बजट प्रस्तुत किया गया। जो मात्र 20 मिनट में चर्चा के बीच पास किया।

बैठक के लिए उपस्थित सभासदों से जरूरी कोरल पूरा होने के बाद बजट बैठक शुरू की। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि नगर पालिका के द्वारा 2026-2027 वर्ष में प्रस्तावित आय बजट 37 करोड़ 20 लाख 90 हजार रुपये का है। यह साल 2025-2026 में 25 करोड़ 29 लाख 29 हजार रुपये का था। लेकिन इस बार बजट में बढ़ोतरी की गई है, जिससे ज्यादा विकास कार्य होने की उम्मीद की जा रही है। सभासद शाहनवाज अंसारी ने बजट की बैठक में बोलते हुए कहा कि पालिका प्रशासन द्वारा जो गृह कर बढ़ाया गया है उससे जनता परेशान है, इसलिए ग्रह कर कम करने को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष ने बजट प्रस्ताव पर मुहर लगाने के लिए सभासदों का धन्यवाद दिया। बैठक में सभासद शाहनवाज अंसारी, मोहसिन अंसारी, शाहीन बदर, हम्ज़ा अली, नितिन सैनी, दीपक कुमार, राहुल सैनी, राजपाल सैनी, शुभम अग्रवाल, नाजिम अंसारी, मोहसिन खान, नाजिया, बाबू दिनेश कुमार, करन सिंह, रितेश कुमार, मोहम्मद अरशद, कावेंद्र आदि मौजूद रहे।



बजट की बैठक को संबोधित करते नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी।

## संस्कृति और सृजनशीलता का शानदार प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार :** जेएस हिन्दू (पीजी) कॉलेज अमरोहा में साहू जगदीशसरन कल्चरल क्लब की ओर से 23 मार्च से चल रहे तृतीय युवा महोत्सव का शनिवार को पुरस्कार वितरण व समापन समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा, संस्कृति और सृजनशीलता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

शनिवार को समापन दिवस पर श्लोक अंत्याक्षरी, बैतबाजी और लोकनृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। श्लोक अंत्याक्षरी में प्रतिभागियों ने संस्कृत साहित्य पर अपनी मजबूत पकड़ और अद्भुत स्मरण शक्ति का परिचय दिया। करीब दो घंटे तक चली प्रतियोगिता ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नवरात्र की थीम पर आधारित छात्राओं के नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संभल विभाग प्रचारक शरद ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रबंध समिति मंत्री योगेश जैन और उपाध्यक्ष लीलाधर अरोड़ा ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महोत्सव में 15 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महोत्सव विजेता का खिताब पायल कश्यप को मिला।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### यह रहे प्रतियोगिता के विजेता

अन्य प्रतियोगिताओं में भाषण में मंतशा, निबंध में संजना, काव्योत्सव में हर्ष चौधरी, नृत्य में पलक समूह, संगीत गायन में शंभू शरण शर्मा, वादन में तुषार, बैतबाजी में युसरा जावेद, फोटोग्राफी में लव गुप्ता, वीडियोग्राफी में फैजल और पोस्टर पेंटिंग में सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान किसान ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी भोला शंकर शर्मा ने सत्र 2024-25 में स्नातक स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं उमा कश्यप और अदिति चंद्रा को सम्मानित किया।

## मोबाइल का उपयोग केवल शिक्षा, ज्ञानवर्धन के लिए करें

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शनिवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में किंग फहाद यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड मिनिरल्स (सऊदी अरब) से आए शिक्षाविद् मुदस्सिर हसन खान ने छात्राओं को आधुनिक शिक्षा, तकनीक के सही उपयोग और वैश्विक अवसरों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपनी पहचान बनाकर समाज और देश को नई दिशा दे सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत उर्दू विभाग के डॉ. खिजर हयात ने तिलावते कुरान पाक से की, जबकि इंटर कॉलेज की छात्रा ने नात पेश कर माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन एवं कॉलेज प्रबंधक डॉ. सिराजउद्दीन हाशमी ने मुख्य अतिथि का बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि मुदस्सिर हसन खान ने कहा कि वर्तमान समय आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का है, जिसमें निरंतर सीखना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बताया कि उनकी यूनिवर्सिटी विश्व में 64वें स्थान पर है और इसे और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नईम अहमद, मो सलमान, प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसुम मौजूद रहीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुस्सिर खान।

## न्यूज डायरी

### पेंशनर्स के धरना प्रदर्शन व मांगों को लेकर बनाई रणनीति

**अमरोहा, अमृत विचार :** पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद अमरोहा की मासिक बैठक शनिवार को गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप सिंह पैसल ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह चिकारा ने किया। शनिवार को आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाले हस्ताक्षरयुक्त याचिका प्रपत्र एकत्र किए, जिन्हें प्रदेश स्तर पर प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। पेंशनर्स ने निर्णय लिया कि आगामी 21 अप्रैल 2026 को राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अमरोहा में यह धरना शहीद पार्क कलेक्ट्रेट के सामने सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसके बाद दो बजे जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में 12 सूत्रीय मांगपत्र पर चर्चा हुई, जिसमें आठवें वेतन आयोग का लाभ देने, वित्त विधेयक 2025 को वापस लेने, कोरोना काल के 18 माह के राहत एरियर का भुगतान, राशिकरण कटौती अवधि 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष करने और पेंशन में निर्धारित अंतराल पर वृद्धि जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार पेंशन संबंधी सुविधाओं में कटौती कर रही है, जिससे पेंशनर्स को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बैठक में पेंशनर्स कक्ष के निर्माण में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई गई। इसके अलावा पेंशनर्स दिवस पर उठाई गई समस्याओं के समाधान में देरी को लेकर भी रोष व्यक्त किया गया।

### नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 27.33 करोड़ का बजट पास

**पासमंडी धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर सभागार में नगर पालिका परिषद की 15वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर के विकास के लिए 27 करोड़ 33 लाख रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने की। बैठक में शहर की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। प्रमुख रूप से रेलवे स्टेशन रोड के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का निर्णय लिया गया। जिससे भविष्य में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्य को आउटसोर्स करने का प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न जनसमस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। सभासद अशोक धरौटिया ने शहर में बंदरों के बढ़ते आतंक का मुद्दा उठाते हुए लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। वहीं, अंत्येष्टि स्थल को लेकर सभासद नौशाद मंसूरी द्वारा उठाए गए सवाल पर सदन का माहौल गरमा गया। सभासद नौशाद मंसूरी और राजू बादशाह के बीच नोकझोंक हुई। पालिका अध्यक्ष ने हस्तक्षेप कर दोनों को शांत कराया। बैठक में उमेश सैनी, सोनू कुमार, दुलीचंद गिहार, गुरवचन सिंह, अनवार सैफी, भोला, समीर अहमद, गौरव धारीवाल, मंजीत कौर, पूनम रानी, अंशुल, शबाना सहित अन्य सभासदों एवं पालिका कर्मियों की मौजूद रहे।



### परीक्षा फल एवं ट्रॉफी पाकर बच्चों को मिली खुशी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की न्यू तुलसी कॉलोनी स्थित चौधरी टीआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय का परीक्षा फल घोषित किया गया। इस दौरान प्रबंध समिति द्वारा एक कार्यक्रम कभी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधिका इंद्रेश देवी, निर्देशक चमन लाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन ने मां शारदा के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर दीप प्रचलित करके किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों द्वारा शारदा वंदना, स्वागत गीत सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद फ्री नर्सरी से कक्षा 8 तक का परीक्षा फल घोषित किया गया और कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मंच पर बुलाकर ट्रॉफी एवं परीक्षा फल दिया गया।



### एजेंसियों पर केवाईसी करने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में पिछले कुछ समय से घरेलू गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। वहीं सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष गैस एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने और सिलेंडर लेने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। आलम यह है कि दस दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वह सुबह से ही परेशानी के बीच लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। वही नगर स्थित सचिन इंडियन गैस एजेंसी के द्वारा होम डिलीवरी भी कराई जा रही है जिससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत महसूस हो रही है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति सुचारू की जाए ताकि जनता को इस मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके।

## यौमे इन्हेदामे जन्नतुल बकी पर जुलूस निकाला



जुलूस निकालते लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** शनिवार को यौमे इन्हेदामे जन्नतुल बकी के सिलसिले से शिया समुदाय ने मातमी जुलूस निकाला इमामबारगाह पीर जी मुस्तकीम अली से जुलूस शुरू हुआ। नगर के सभी स्थानीय इमामबारगाहों से होता हुआ हुसैनी चौक से गुजरकर इमामबारगाह पीर जी पहुंचकर समाप्त हुआ। नोहे नवाबुल हसन व मिसाल अब्बास ने पढ़े। बता दें कि लगभग 100 साल पहले सऊदी अरब के मदीना शहर में बने हुए कब्रिस्तान जन्नतुल बकी में बनी कब्रों को सऊदी हुकूमत ने शिर्क बताकर बुलडोजर से तुड़वा दिया था। इनमें प्यारे नबी की इकलौती बेटी सय्यदा फ़ातेमा जेहरा और बहुत मासूमीन की कब्रों को तुड़वाया था इसके गम मे हर साल शिया समुदाय जुलूस निकलता आ रहा है।

## विकास के दावों की खुली पोल, गंदे पानी के बीच से गुजरीं शव यात्राएं

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांवों में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत ने प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अलग-अलग गांवों के वीडियो शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। ग्राम पंचायत लठीरा माफी एवं गंगा चोली मिलक के बाद गांव गारापुर में सामने आई है, गांव निवासी गजराम सिंह 70 वर्षीय कि अचानक मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए परिजन अर्थी गंगा घाट लेकर जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीण अर्थी ले जाते हुए गंदे पानी से गुजरे। तस्वीरों में ग्रामीण घुटनों तक भरे गंदे पानी और कीचड़ के बीच से शव यात्रा निकालने को मजबूर दिखे। बताया जा रहा है कि लठीरा माफी का वीडियो दो दिन पुराना हैं, जबकि गारापुर का वीडियो शनिवार सुबह का है। हैरानी की बात यह है कि समय बदलने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। लठीरा माफी से मिलक घेर व अब गारापुर का मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो चुका है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर जमा यह गंदा पानी न केवल आवागमन बाधित कर रहा है, बल्कि संक्रामक बीमारियों को भी दावत दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि करोड़ों के बजट के बावजूद अधिकारी मौन हैं।



गंदे पानी में होकर शव यात्रा ले जाते हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

**आयोजन** — मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण में हुआ कार्यक्रम

## नारी सुरक्षा के संदेश के साथ हुई रन फॉर एम्पावरमेंट



विजेता को पुरस्कृत करते एसपी।



दौड़ में शामिल एसपी अमित आनंद, महिला पुलिसकर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को शहर में रन फॉर एम्पावरमेंट जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ पुलिस लाइन मंडी समिति से शुरू होकर मिनी स्टेडियम गांधी मूर्ति तक पहुंची।

शनिवार को पुलिस लाइन से दौड़ को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर लोगों से जागरूक रहने का आह्वान किया। दौड़ में पुलिसकर्मियों, छात्र-छात्राओं और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे मार्ग में नारी सुरक्षा-नारी सम्मान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और 'महिला सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण' जैसे नारे गूंजते रहे। एसपी ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान केवल पुलिस या प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे निर्भीक होकर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है। दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। महिला आरक्षी बबली ने प्रथम, मीनू ने द्वितीय और शबनम व ज्योति ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमश 5000, 3000 और 2000 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में स्थान पाने वाली छात्राओं को भी नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन की इस पहल की लोगों ने सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम बताया।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार:** संभल जिले के गांव एचौड़ा डिगर निवासी बलजीत पुत्र प्रमोद अपनी मां चंद्रावती एवं पिता प्रमोद के साथ शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के गांव उकावली में अपनी चचेरी बहन की शादी में आया था।

शादी समारोह संपन्न होने के बाद शनिवार की सुबह प्रमोद अपने माता-पिता के साथ बाइक से अपने गांव को लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव चचौरा के निकट पहुंची तो पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए, ग्रामीणों द्वारा उनके परिजनों को सूचना दी गई तो सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी लेकर आए।

जहां चिकित्सकों द्वारा तीनों घायलों का उपचार किया गया और हालत गंभीर देखते हुए तीनों को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया घायलों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो०नि०वि० मुरादाबाद

### ई-निविदा सूचना

पत्रांकः- 1802/ई-निविदा-मु०वृत्त/25-26 दिनांक :- 17.03.2026

1 महामहिम, राज्यपाल उ०प्र० की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो०नि०वि० मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से साईनेज कैटेगिरी की "ए" श्रेणी के लो०नि०वि०, में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 07.04.2026 प्रातः 10 बजे से 15.04.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कॉलम 5 व 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य हेगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 15.04.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है-
2.

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | मुरादाबाद मछरिया लालाटीकर-रौण्डा झौण्डा चौराहे से मनकरा मूढ़ापाण्डे सम्पर्क मार्ग (अन्य जिला मार्ग सं0-32) पर थर्मोप्लास्टिक, कॉशन बोर्ड, माकिंग आदि के सड़क सुरक्षा का कार्य। | 55.75 | 4.79 | 02 माह | 2354.00 | "ए" साईनेज श्रेणी |

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020, दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 4650/4एन-एल0सी0/2020, दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

(मोहित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)
ई-मेल : semoradabad14@gmail.com

UP - 249012 दिनांक: 27/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने दी महिला सुरक्षा की जानकारी

**चंदौसी।** सरकार द्वारा मिशन शक्ति योजना के तहत कुढ फतेहगढ़ स्थित बिचेटा चौराहे पर पुलिस द्वारा सीयूजी नंबरों की जानकारी दी गई। बताया गया कि महिला संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी इन नंबरों पर दी जा सकती है। मिशन शक्ति प्रभारी व महिला कांस्टेबल के साथ बिचेटा चौराहे पर महिलाओं को सीयूजी नंबर का के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति प्रभारी आकाश कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अंजली शर्मा ने बताया कि घरेलू हिंसा छेड़छाड़ या अन्य कोई समस्या होने पर महिलाएं व युवतियां इस नंबर पर पुलिस को सूचित कर सकती हैं।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 65 छात्राएं शामिल

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी कॉलेज में शिक्षाशास्त्र विभाग के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 65 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर रंजना अग्रवाल द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ववलन द्वारा किया गया। प्राचार्य ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विभाग प्रभारी डॉ. सुमिता शर्मा ने प्रतियोगिताओं की महत्ता के बारे में बताया। कहा ऐसी प्रतियोगिताएं पठन-पाठन हेतु प्रोत्साहित करती हैं।

# मदरसा-मस्जिद ही नहीं, दुकान-मकान और स्कूल भी मिला सरकारी जमीन पर

## राजस्व विभाग की पैमाइश में खुला सरकारी जमीन पर कब्जे का राज, पांच सदस्यीय टीम ने की पैमाइश

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**


संभल के मुबारकपुर बंद गांव में सरकारी जमीन की पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। शनिवार को राजस्व विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश की, जिसमें मदरसा, मस्जिद, मकान, दुकान और एक स्कूल तक सरकारी जमीन पर बने होने का मामला सामने आया। प्रशासन की संभावित कार्रवाई को देखते हुए ग्रामीणों ने पहले ही निर्माण से जुड़े सामान हटाना शुरू कर दिया था।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार, गाटा संख्या 623 (रकबा 0.112) भूमि खाद के गड्ढे के रूप में दर्ज है, जबकि गाटा संख्या 630 (रकबा 0.126) खेल के मैदान के रूप में दर्ज है। इन दोनों सरकारी खातों की जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था। शनिवार को राजस्व निरीक्षक चंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में टीम गांव मुबारकपुर बंद पहुंची। टीम ने राजस्व नक्शे के आधार पर भूमि की पहचान कर पैमाइश शुरू की। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई, हालांकि किसी भी व्यक्ति ने पैमाइश का विरोध नहीं किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। पैमाइश के दौरान सामने आया कि करीब साढ़े तीन बीघा सरकारी भूमि पर एक मदरसे से संबंधित मस्जिद, 'गोसुल उलूम' नाम का मदरसा, उसी परिसर में बनी पांच दुकानें, एक ग्रामीण गुलाम रसूल का मकान तथा एक सरकारी स्कूल का निर्माण किया गया है। यह सभी निर्माण राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि उपयोग के विपरीत पाए गए। प्रशासन की संभावित कार्रवाई की आहट मिलते ही गांव के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार सुबह से ही मदरसा और मस्जिद में लगे लोहे के दरवाजे, हैंडपंप, ईंटें और अन्य निर्माण सामग्री हटाना शुरू कर दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि वे प्रशासन के आदेशों का पालन करेंगे और विवादित निर्माण को स्वयं हटा लेंगे, ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई की नौबत न आए।

### तहसीलदार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

राजस्व निरीक्षक चंद्र पाल सिंह ने बताया कि पैमाइश की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को सौंप दी जाएगी। आगे की कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुसार की जाएगी। प्रशासन द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल बनी रही। वहीं, स्थानीय लोग पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रहे।

# शटर लगाने के विवाद में युवक को गोली मारी, अफरा-तफरी


युवक को गोली मारने की घटना के बाद जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

**संवाददाता, चंदौसी**

**अमृत विचार:** कोतवाली के बड़ा बाजार स्थित पुरानी सब्जी मंडी में शटर लगाने को लेकर शनिवार की सुबह विवाद हो गया। इस दौरान पड़ोसी युवक ने तमंचे से गोली मारकर एक युवक को घायल कर दिया। जिससे अफरा- तफरी मच गई। दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

धर्मेंद्र पुत्र दौलत राम ने बताया कि पड़ोसी निशांत से जगह को लेकर विवाद चला आ रहा था। समझौता होने के बाद भी निर्माण नहीं होने दिया जा रहा था। उनका भाई निखिल व अर्पित गुप्ता के साथ शनिवार की सुबह करीब 9 बजे अपनी जगह पर बने मकान पर शटर लगवा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी निशांत वार्ष्णेय अपने भाई प्रशांत के साथ वहां पहुंचा और शटर लगाने को मना किया। निखिल के यह कहने पर कि वह अपनी जगह पर शटर लगवा रहा है, विवाद बढ़ गया। दोनों मे मारपीट व गाली गलौज होने लगी। इसी दौरान निशांत तमंचे से गोली मारकर निखिल को घायल कर दिया। भाई अर्पित गुप्ता को भी मारपीट कर घायल कर दिया। धर्मेंद्र का कहना था कि आरोपी निशांत द्वारा 16 लाख रुपये की मांग की जा रही थी। इसी के बाद शटर लगाने को कह रहा था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी व कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी।

# बिक्री के लिए बेहतर मंच है सरस मेला

**कार्यालय संवाददाता, संभल**


बहजोई में सरस मेले का उद्घाटन करते पूर्व मंत्री अजीत यादव।

- सीडीओ ने किया सरस मेले का शुभारंभ, महिलाओं की आजीविका और सशक्तिकरण पर जोर
- मेले में 35 स्टाल पर 500 स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने की भागीदारी

**अमृत विचार:** शनिवार को बहजोई में सरस मेला 2026 का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय इस मेले में महिलाओं की आजीविका, सशक्तिकरण और स्वावलंबन को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर, ब्लॉक प्रमुख बनियाखेड़ा डॉ. सुगंधा सिंह एवं माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह शामिल रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पुष्प एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन कर रहे जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने बताया कि यह मेला 28 मार्च से प्रारंभ होकर 30 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि यह मेला निशुल्क है और अधिक से अधिक लोग इसमें सहभागिता करें। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने मेले की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरस मेले के माध्यम से महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री का बेहतर मंच मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मुख्य अतिथि अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की स्थानीय स्तर पर बिक्री की बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। मेले में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आई 'लखपति दीदियों' ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस दौरान कुल 35 स्टॉल लगाए गए, जिनमें करीब 500 महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं शामिल रहीं।

# पाकबड़ा गया किशोर लापता

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव चंदवार की मंढईयों निवासी 16 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी शरीफ अहमद ने बताया कि उनका पौत्र अली मोहम्मद शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर से कस्बा पाकबड़ा के लिए निकला था। बताया गया कि वह पाकबड़ा स्थित एक मंदिर के पास पहुंचा, लेकिन इसके बाद वह अचानक गायब हो गया। देर रात तक जब किशोर घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजन गुमशुदगी की तहरीर लेकर पाकबड़ा थाने पहुंचे, जहां आरोप है कि पुलिस ने तहरीर लेने से इंकार कर दिया।

# समिति ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**संवाददाता, चंदौसी**


समिति के कार्यक्रम में राज्य मंत्री गुलाब देवी को सम्मानित करतीं महिलायें।

**अमृत विचार:** बदायूं रोड स्थित ओएलएफ में वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

शुभारम्भ श्री अक्रूर जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्प अर्पित करके मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी, लखनऊ सदर विधायक डॉ. नीरज बोरा, बदायूं सदर विधायक, ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने किया। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी ने बताया कि विगत 9 वर्षों से समिति की विभिन्न शाखाएं सामाजिक कार्य क्षेत्र में योगदान दे रही है। 9वें वार्षिकोत्सव पर वार्ष्णेय महिलाओं द्वारा प्रकाशित पत्रिका परिदृश्य 5 का लोकार्पण किया तथा पत्रिका के सहयोगी, नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी उनके सहयोग के लिये सम्मानित किया है। इस दौरान 11 जरूरतमंद परिवार की युवतियों को सिलाई मशीन प्रदान की गई है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि चैयरमेन बहजोई राजेश शंकर राजू, चैयरमेन बबराला हर्षवर्धन वार्ष्णेय, दिल्ली महासभा के अध्यक्ष सुशील वार्ष्णेय, महामंत्री योगेश गुप्ता, सुधीर गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, सतेंद्र वार्ष्णेय, सुधीर गुप्ता, आलोक गुप्ता, अनुपम वार्ष्णेय, सुधीर वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, अंकुर अग्रवाल आदि ने समिति के कार्यो कार्यो की प्रशंसा करते हुए मातृशक्ति के उत्साह एवम लगन को अनूठा एवम सीख लेने योग्य बताया। नए सत्र के लिए नवनियुक्त समिति प्रदेश अध्यक्ष रीना चौधरी, प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूजा वार्ष्णेय सहित समस्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन अंकित वार्ष्णेय, अभिलाषा, डॉ. सौरभ वार्ष्णेय, अमित केएस ने किया। इस दौरान मोनिका वार्ष्णेय, महिमा, श्रुति, सीमा, बीना, कविता, गुंजन, गीता वार्ष्णेय, खुशी, प्रियंका, प्रियांशी, ऋषु, तृप्ति, रचना, लता, वर्षा के साथ ही प्रेम किशोर, राहुल चौधरी, नीरज चौधरी, कमल किशोर, मौसम गुप्ता, गिरीश रतन आदि मौजूद रहे।

# दहेज के लिए मारपीट, ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** थाना ऐंचौड़ा कंबोह क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव माढली समसपुर निवासी शायमीन पत्नी शाहने आलम, पुत्री रजा अली निवासी रतनपुर कला थाना पाकबड़ा, जनपद मुरादाबाद ने शनिवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी वर्ष 2020 में शाहने आलम के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुर उस पर दहेज की मांग को लेकर दबाव बनाने लगे। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा उससे और उसके मायके वालों से बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था।

# तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में दो सगे भाइयों समेत तीन घायल


संभल में हादसे के बाद जिला अस्पताल में इकट्ठा घायलों के परिजन। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो सगे भाइयों सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसा वाजिदपुरम स्थित अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास हुआ। थाना रायसत्ती क्षेत्र के मियां सराय निवासी 16 वर्षीय जुहेब अपने 12 वर्षीय भाई अरहम के साथ बाइक से मुरादाबाद रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार युवक दीपा सराय निवासी बताया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अधिवक्ता भी अपना लेखा-जोखा रखें

**संवाददाता, चंदौसी**


चंदौसी में गोष्ठी के दौरान चर्चा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- अधिवक्ताओं के लिये आयकर विवरणी दाखिल करने पर मंथन

**अमृत विचार:** जनपद न्यायालय चन्दौसी के बार सभागार में ''अधिवक्ताओं के लिये आयकर विवरणी दाखिल करना क्यों आवश्यक है। इस विषय पर अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल द्वारा स्वाध्याय मण्डल आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता विभोर कुमार बंसल कर अधिवक्ता ने बताया कि जिन लोगों की व्यक्तिगत आय 12 लाख रुपये वार्षिक तक है, ऐसे लोग शून्य कर के दायरे में आते हैं। यदि किसी व्यक्ति की आय 4 लाख रुपये वार्षिक से अधिक है तो आयकर विवरणी दाखिल करनी आवश्यक है। अन्यथा अधिकतम 10 हज़ार रुपये के अर्थदंड का प्रावधान है। यदि कोई अधिवक्ता वकालत के अतिरिक्त अन्य कोई व्यावसायिक कार्य करता है, तो ऐसी आय भी उसकी वार्षिक आय में सम्मिलित होगी। अधिवक्ताओं को भी अपनी आय एवं व्यय का हिसाब किताब रखना चाहिये, ताकि उनके व्यवसाय से होने वाले शुद्ध आय का लेखा जोखा तैयार किया जा सके। इसका लाभ यह होगा कि अधिवक्ताओं की आय का रिकार्ड रखा जा सकेगा और उनकी पूंजी और परिसंपत्तियों का निर्माण हो सकेगा। इसका लाभ उन्हें बैंक से ऋण लेने में भी मिलेगा। यदि डिजिटल लेन देन किये जा रहे हैं तो भी आयकर विवरणी दाखिल करनी आवश्यक हो जाती, अन्यथा सीमा से अधिक लेन देन होने पर बैंक खाते फ्रीज किये जा सकते हैं। कार्यक्रम में श्रीगोपाल शर्मा, विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, चरण सिंह, रजनी शर्मा, रिंकी, विनीत कुमार, यश गौतम, यशपाल राणा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। बिषय प्रस्तुतिकरण स्वाध्याय मंडल प्रभारी विक्रम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव शर्मा एवं संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया।

## न्यूज डायरी

### गोष्ठी में दीं शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारियां



**चंदौसी, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओ डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता मौजा एवं स्टेशनरी, क्रय हेतु धनराशि सीधे अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, एसएमसी, बालिका शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑपरेशन कायाकल्प आदि विषयों को लेकर एक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन ज्ञानवती बैंकट हॉल ग्राम आटा में किया गया। जिसमें विकास बनियाखेड़ा के ग्राम प्रधान एवं स्थानीय प्राधिकारी, जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्जलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कॉपोजिट विद्यालय आटा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विभाग में संचारित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### शबीह-ए-ताबूत के साथ मनाया गम

**संभल/ सिरसी, अमृत विचार:** नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की स्थित मदरसा-ए-जामे इमाम मेहदी में शनिवार सुबह मजलिस-ए-अजा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर गमगीन माहौल में अहलेबैत की याद ताजा की। मजलिस की शुरुआत मर्सिया ख्वानी से हुई, जिसमें वकार मेहदी और उनके हमनवा ने दर्दभरे कलाम पेश कर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। इसके बाद मौलाना शादाब मेहदी जाफरी ने मजलिस को खिताब फरमाते हुए अहलेबैत की कुर्बानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने की अपील की। मजलिस के उपरांत शबीह-ए-ताबूत बीबी फातिमा जहरा का बरामद किया गया। इस दौरान अंजुमन-ए-हाशमी और अंजुमन-ए-सफीना-ए-अजा के सदस्यों ने नोहा ख्वानी करते हुए गम का इजहार किया। मातमी जुलूस शांति और अनुशासन के साथ इमाम बारगाह सादात पहुंचकर संपन्न हुआ। शव्वाल की आठ तारीख को यह गम उस ऐतिहासिक घटना की याद में मनाया जाता है, जब लगभग सौ वर्ष पूर्व आले सऊद द्वारा नबी-ए-करीम की इकलौती बेटी बीबी फातिमा जहरा और पहले इमाम हजरत अली की पत्नी के मजार को शहीद कर दिया गया था। इसी घटना की याद में हर वर्ष अकीदतमंद आठ शव्वाल को गम मनाते हैं और मजलिसों का आयोजन करते हैं।



### भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

**चंदौसी, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष रजत यादव को पुलिस ने जेवर में प्रधानमंत्री की जनसभा में जाने से रोकने के लिए हाउस अरेस्ट कर लिया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पाकिस्तान के एक मोबाइल नंबर से जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसकी रिपोर्ट छह दिन पूर्व हापुड़ थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसको लेकर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में रोष है। इसी को लेकर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रजत यादव शनिवार को कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ जेवर में जाना था। बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

### ईंट भट्ठों में ईंधन के रूप में जलते मिले टायर, होगी कार्रवाई



**संभल, अमृत विचार:** जनपद में प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्ती बरतते हुए नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने शनिवार को थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम कुरकावली और मुजफ्फरपुर स्थित ईंट भट्ठों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टायर जलाकर ईंधन के रूप में अवैध उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। नगर मजिस्ट्रेट ने संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर मजिस्ट्रेट ने सबसे पहले ग्राम कुरकावली स्थित शान ब्रिक वर्क एवं खालसा ईंट उद्योग का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि इन भट्ठों पर टायर जलाने के बाद बचने वाले काले पाउडर (अवशेष) का उपयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा है, जो पूर्णतया अवैध है और गंभीर प्रदूषण का कारण बनता है। इस पर उन्होंने प्रदूषण विभाग को संबंधित ईंट उद्योगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम मुजफ्फरपुर स्थित हिलाल ईंट कंपनी का निरीक्षण किया। मौके पर करीब 10 कुंतल टायर की राख पाई गई, जिसका उपयोग भी ईंधन के रूप में किया जा रहा था।

# रन फॉर एम्पावरमेंट से किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, संभल**



रन फ़ॉर एम्पावरमेंट कोई झंडी दिखाकर रवाना करते अपर पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार:** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद में शनिवार को 'रन फॉर एम्पावरमेंट' का आयोजन किया गया। दौड़ में महिला पुलिसकर्मियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

शनिवार दोपहर करीब 12 बजे थाना रायसत्ती क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार भाटी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ दौड़ पूरी कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश समाज तक पहुंचाया। समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में कैसे तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### महिलाएं सशक्त होंगी तभी राष्ट्र सशक्त होगा: भाटी

अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि 'रन फॉर एम्पावरमेंट' केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि महिलाओं को निडर, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होती हैं। इस कार्यक्रम में जनपद के पांच कॉलेजों की छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ के उपरांत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उन्हें मिशन शक्ति के विभिन्न आयामों, महिला सुरक्षा कानूनों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एकजुट होकर महिला सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

# वार्षिकोत्सव में डांडिया की धूम

**चंदौसी, अमृत विचार:** वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति ने 10 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ डांडिया उत्सव की विशेष धूम रही। अतिथि रूप में निधि पटेल एसडीएम, वंदना मिश्रा एसडीएम, मृदुला, प्रिया टनाटन, मीना वार्ष्णेय, रजनी टैना, रेनू कुमारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गणेश वन्दना की सुन्दर प्रस्तुति के साथ महिलाओं द्वारा डांस, नाटिका, और डांडिया मस्ती से खुशियों का माहौल बना रहा। लकी ड्रॉ भी हुआ। समिति अध्यक्ष लता वार्ष्णेय नगर पालिका अध्यक्ष ने नारी शक्ति का अभिनंदन किया। सचिव रचना वार्ष्णेय ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना किसी पूजा से कम नहीं है। संचालन मनीषा वार्ष्णेय ने किया।

उपाध्यक्ष बृज वाला, कोषाध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, नैना, बीता, कल्पना, अंजलि, संध्या, रेखा, वीना, सुमन, वांवी, मीनू फैंसी, रंजना, अंशू, मनीषा, रेनू कुमारी, सीमा, रीतू, रेनू, भावना, रूचिका, उमा, साधना, रजनी, सुषमा, कुमकुम, सुमन, सपना आदि महिलायें उपस्थित रहीं।


एसडीएम गुन्नौर वंदना मिश्रा को सम्मानित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**डिडौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक को पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। गांव निवासी मुजस्स्मि पुत्र इदरीश गांव के बाहर सड़क पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही अकरम और उसके पुत्र आफताब ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर फायरिंग कर दी। गोली मुजस्स्मि की पीठ में जा लगी। गोली लगते ही युवक ने शोर मचाया, जिससे आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया। घायल के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बाद में मुजस्स्मि के ताऊ मारूफ पुत्र फकीर निवासी अशरफपुर फैजगंज की तहरीर पर डिडौली थाने में अकरम और उसके पुत्र आफताब के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बजरंग दल को गाली देने के मामले में रिपोर्ट

**बिलारी अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर बजरंग दल व हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को गंदी गालियां देने के मामले में बजरंग दल के पदाधिकारी द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया। बिलारी सर्राफा बाजार निवासी रजनीश गर्ग ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि बिलारी के गांव सनाई निवासी गुलफाम मलिक पुत्र नवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। जिसका बजरंग दल के पदाधिकारी को गालियां बकी। जिससे बजरंग दल व हिंदू संगठन की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### हादसे में महिला घायल मामले में केस

**बिलारी, अमृत विचार :** हाथीपुर बहाउद्दीन के रंजीत सिंह पुत्र पीतांबर ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी पत्नी जगरोशनी 18 मार्च को शाम 4 बजे घर से खेत पैदल जा रही थी। हाथीपुर चौराहे पर बिलारी दिशा की ओर से आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल को रेफर किया गया। उसकी पत्नी का इलाज मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## 2.5 लाख टन कार्गो क्षमता से मुरादाबाद के पीतल, रामपुर के जरी वर्क का निर्यात होगा आसान

# जेवर एयरपोर्ट से मंडल के ओडीओपी, पर्यटन को मिलेगी उड़ान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लोकार्पित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) केवल गौतमबुद्ध नगर ही नहीं, बल्कि मुरादाबाद मंडल के लिए तरक्की का नया द्वार खोलेगा। शुरुआती 1.2 करोड़ वार्षिक यात्री क्षमता और 2.5 लाख टन कार्गो क्षमता वाले इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के शुरू होने से मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा और संभल जिलों की तस्वीर बदलेगी। स्थानीय उत्पादों (ओडीओपी) को वैश्विक बाजार मिलने, दिल्ली के जाम से छुटकारा और विदेशी खरीदारों की आसान पहुंच होगी। जिससे मंडल में व्यापार, कृषि, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन को गति मिलेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से पीतल और हस्तशिल्प के उत्पादों को जेवर एयरपोर्ट से सीधे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के संयुक्त आयुक्त योगेश कुमार का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट बनने से मंडल की इंटरनेशनल कनेक्टिविटी बढ़ जाएगी। इससे दिल्ली के जाम से निजात मिलेगी और अंतरराष्ट्रीय यात्राएं करने वाले लोगों का समय बचेगा।

- **दिल्ली जाने में जाम से मिलेगी मुक्ति, विदेशी बायर्स की सीधी पहुंच से पर्यटन व रोजगार के खुलेंगे नए द्वार**

### रामपुर,अमरोहा और संभल को भी फायदा

रामपुर का प्रसिद्ध जरी पैचवर्क भी अब वैश्विक उड़ान भर सकेगा। रामपुर के जीएम डीआईसी अनुराग यादव के अनुसार जिले में 15 से 20 हजार कारीगर जरी वर्क से जुड़े हैं। जेवर एयरपोर्ट की सुविधाओं से इन कारीगरों को विदेशों में सीधे अपने उत्पाद बेचने का मौका मिलेगा। वहीं, अमरोहा के जीएम डीआईसी अनूप श्रीवास्तव की मानें तो जिले की मशहूर ढोलक अभी मुख्य रूप से घरेलू बाजार तक ही सीमित है। अब एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के जरिए स्थानीय ढोलक उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध हो सकेगा। संभल के जीएम डीआईसी मुकेश कुमार के अनुसार जेवर एयरपोर्ट के चालू होने से जिले के प्रसिद्ध हॉर्न और बोन (सींग और हड्डी) हस्तशिल्प को नई संजीवनी मिलेगी।

### नगीना की काष्ठ कला और ब्रश उद्योग को मिलेगी दस्तक

बिजनौर के वुडन हैंडीक्राफ्ट और ब्रश उद्योग के लिए जेवर एयरपोर्ट गेमचेंजर होगा। बिजनौर के जीएम डीआईसी अमित कुमार के अनुसार, नगीना की काष्ठ कला को 2023 में जीआई टैग मिल चुका है और जिले में 20 हजार से ज्यादा कारीगर व 500 से अधिक इकाइयां इस काम में जुटी हैं। अकेले वुडन हैंडीक्राफ्ट और ब्रश उद्योग का सालाना टर्नओवर 250 से 300 करोड़ रुपये का है। पूरे देश में इस्तेमाल होने वाले 50 प्रतिशत ब्रश शेरकोट में बनते हैं। जेवर एयरपोर्ट की कार्गो सुविधा से बिजनौर के अप्रत्यक्ष निर्यात को सीधे अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा।

### ग्रीन फील्ड ने बरेली-दिल्ली उड़ान की जगाई उम्मीद

**बरेली, अमृत विचार :** नोएडा के ग्रीनफील्ड जेवर एयरपोर्ट के संचालन से बरेली की भी उम्मीद जगी हैं। माना जा रहा है कि जेवर के ग्रीन फील्ड एयरफोर्ट का उद्घाटन होने के बाद दिल्ली पर दबाव कम होगा। इससे इंडिगो की बरेली-दिल्ली फ्लाइट को स्लॉट मिलने की उम्मीद जगी है। अफसरों के मुताबिक, करीब डेढ़ साल से नई दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का दबाव अधिक होने की वजह से बरेली को स्लॉट नहीं मिल रहा है। बरेली बरेली-दिल्ली फ्लाइट का संचालन शुरू कराने के लिए इंडिगो एयरलाइंस कई बार नई दिल्ली एयरपोर्ट अथॉरिटी से संपर्क कर चुकी है, लेकिन स्लॉट नहीं मिलने की वजह से निराशा मिली। जबकि बरेली से दिल्ली फ्लाइट के लिए एयर ट्रैफिक की कोई कमी नहीं है। 2024 में एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली उड़ान बंद कर दी थी। इससे प्रतिदिन बरेली-दिल्ली आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को झटका लगा था। एलाइंस एयरलाइंस ने बरेली-दिल्ली-लखनऊ के लिए फ्लाइट संचालन का खाका तैयार किया। अनुमति भी मिल गयी। फ्लाइट का किराया भी तय हो गया था लेकिन अचानक एलाइंस एयर ने बरेली एयरपोर्ट परिसर स्थित अपना ऑफिस समेट लिया। विंडो भी बंद कर दिया। उसके बाद से बरेली-दिल्ली फ्लाइट शुरू कराने के लिए इंडिगो एयरलाइंस लगी हुई है।

### बरेली को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा

नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से जनपद बरेली को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना जतायी गयी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जेवर एयरपोर्ट के जरिए जनपद के प्रमुख उत्पाद (ओडीओपी) को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच मिलने के साथ उद्योग, कृषि व सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ने के साथ बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# झूठ बेनकाब: चोरी नहीं हुई, गरीबी में अब्बू-अम्मी ने दान की थी तीसरी बेटी

## निसंतान दंपती को दी बच्ची बरामद, भेद खुला तो पिता बोला-तीन बेटियां कैसे पालूं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल से 21 दिन की नवजात चोरी होने का मामला झूठा निकला है। दुधमुंही गायब नहीं हुई थी, बल्कि अब्बू-अम्मी ने बहेड़ी के निसंतान दंपती को सौंप दिया था। समाज की नजरों में सच पर परदा डालने को परिवार ने बच्ची चोरी होने की फर्जी कहानी गढ़ दी थी, लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य अफसरों के सवालों के आगे झूठ टिक नहीं सका। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया है। बच्ची को दान देने के पीछे दंपती ने तीसरी बेटी पैदा होने और गरीबी में उसका पालन-पोषण नहीं की बात कही है, लेकिन पुलिस झूठी घटना बनाने के मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई करने वाली है।

एक दिन पहले जिला महिला अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया था, जब पुलिस के पास वहां से बच्ची चोरी होने और मां के बेसुध पड़े मिलने की सूचना आई थी। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव परतापुर चौधरी में रहने वाले मकसूद नामक शख्स ने रात करीब 9 बजे ने डायल 112 पर बच्ची चोरी होने की बात कही थी। पता होते ही थाना इज्जतनगर पुलिस भी गांव पहुंच गई। पूछताछ में मकसूद ने कहा था कि वह अपनी पत्नी शबाना के साथ बच्ची का का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए जिला महिला अस्पताल गया था। वहां पत्नी को किसी ने नशा देकर बच्ची चोरी कर ली। घटना की तह में जाने को पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी खंगाले, लेकिन घटना का कोई सबूत सामने नहीं आया। मकसूद की कहानी इसलिए भी संदेह के दायरे में आ गई, क्योंकि शुक्रवार को रामनवमी के वजह से अवकाश था और छुट्टी के दिन अस्पताल में जन्म प्रमाणपत्र नहीं बनाए जाते हैं।



बरामद हुई बच्ची के साथ उसके मां-बाप और पुलिस।

- **छुट्टी के दिन जन्म प्रमाण पत्र लेने अस्पताल आने से शक हुआ**
- **अफसरों को सूचना दिए बिना घर चले गए थे बच्ची के मां-बाप**
- **सच छिपाने के लिए गढ़ दी थी बच्ची चोरी के होने का कहानी**

### गरीबी तो बहाना, मकसद था बिटिया से पीछा छुड़ाना

बच्ची चोरी होने का कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिलने की वजह से पुलिस शुरूआत से ही मामले को संदिग्ध मानकर चल रही थी। ऊपर से मकसूद की उलझाई कहानी ने उस पर संदेह और बढ़ा दिया। पूछताछ में उसने कहा कि उसकी पहले से दो बेटियां हैं और माली हालत खराब है। तीसरी बेटी को पालने में दिक्कत थी, इसलिए उसे दान दे दिया। हालांकि, उसके पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं था कि अगर तीसरी बेटी की जगह बेटा होता तो क्या यही सब करता? पुलिस ये सवाल करती रहीं मगर वह मौन साधे रहा। अफसरों का कहना है कि सीडब्ल्यूसी ही बच्ची को लिखा-पढ़ी के बाद उसके शबाना-मकसूद को सौंपेगी, ताकि आगे कोई गड़बड़ी न कर सकें।

### अस्पताल में मिलीं थीं-सबाना, बाकी सब झूठा फसाना

पूछताछ में पता लगा कि शबाना-मकसूद के पहले से दो बेटियों हैं। एक बेटा पूर्व में पैदा हुआ था, जो चल बसा था। शबाना चौथी बार मां बनी और तीसरी बेटी को जन्म दिया था। मकसूद बेटा चाहता था, लेकिन तीसरी बेटी होने से परेशान था। अस्पताल में ही उनकी मुलाकात बहेड़ी के शेखूपुर मोहल्ले की रहने वाली शबा हुई थी। शबा के शौहर तसलीम को लकवा मार चुका है और शबा मां नहीं बन पा रही। बातों ही बातों में शबा ने बच्ची गोद लेने की बात कही तो मकसूद-शबाना ने हामी भर दी। बच्ची को दान देने का रिश्तेदारों को पता लगता तो बदनामी होती। इसलिए, मकसूद व उसकी पत्नी शबाना ने महिला अस्पताल से बच्ची चोरी होने का शोर उठा दिया। हालांकि, कुछ ही घंटे में सच सामने भी आ गया और पुलिस बच्ची को लेने वाले बहेड़ी के निसंतान दंपती तक पहुंच गई।

### सीसीटीवी से ऐसे बेनकाब हुआ झूठ

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में शासन स्तर से 28 कैमरे लगे हैं और सभी काम कर रहे हैं। बच्ची चोरी की सूचना पर पुलिस ने जब अस्पताल में जाकर वहां लगे सीसीटीवी को चेक किया तो पता चला की जहां की वह घटना बता रहे है, वहां लगे कैमरों में ऐसा कुछ रिकार्ड ही नहीं हुआ है। सीएमएस त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि मेन गेट से मलेरिया वार्ड तक के लगे कैमरों को चेक कराया गया था। फुटेज में कहीं भी महिला और उसका शौहर नहीं दिखा। शबाना ने महिला मलेरिया वार्ड के पास बेसुध मिलने की बात कही थी लेकिन वहां भी उसकी मौजूदगी नहीं नजर आई। फिर वह छुट्टी के दिन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र लेने क्यों आए थे। जबकि छुट्टी में प्रमाण पत्र बनते ही नहीं हैं। सीसीटीवी ने आखिरकार सच सामने ला दिया है। शुक्रवार रात पुलिस को जिला महिला अस्पताल से बच्ची को चोरी कर लिए जाने की सूचना मिली थी। पता होते ही टीमें गठित कर जांच शुरू करा दी गई। पूछताछ में दंपती ने कबूल किया कि तीसरी बेटी होने के कारण उसने उसे दान दे दिया था। पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया है।

पुलिस ने सवालों की बौछार की तो मकसूद ज्यादा देर टिक नहीं सका और सच बयां कर दिया। आरोपी मकसूद व शबाना पुलिस हिरासत में हैं।

# कथा व्यास ने वैराग्य और भक्ति ज्ञान पर की चर्चा



नगलिया जट गांव में कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के नगलिया जट गांव के शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। अलीगढ़ से आई कथा व्यास आरती शास्त्री ने पहले दिन भक्ति ज्ञान और वैराग्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए धुंधकारी और गोकर्ण नामक दोनों भाइयों की कथा का प्रसंग सुनाया।

उन्होंने कहा कि गोकर्ण सत्संगी था और धुंधकारी कुसंग में लिप्त होकर प्रभु को भूल गया था जब वह दुर्गति को प्राप्त हुआ तो उसके भाई गोकर्ण ने अपने सत्संग के माध्यम से उसे मुक्ति दिलाई। कथा प्रसंग की चर्चा में उन्होंने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सत्संग का बड़ा महत्व है सत्संग का एक शब्द भी व्यक्ति के जीवन को सन्मार्ग दिखाकर उद्धार कर देता है जबकि कुसंग की परछाईं भी गर्त में पहुंचा देती है इसलिए सदैव अच्छों का संग करो परमात्मा को याद करते रहो। कथा से पहले गांव में जयकारों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जिसका आरंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह ने पूजा अर्चना कराई।

आचार्य हरिओम ने पूजन कराया। यात्रा महेंद्र सिंह कंचन, नरपत सिंह, चौधरी हरपाल सिंह मलिक के घर के आगे होकर चामुंडा मंदिर से पीतांबर ठेकेदार के सामने होकर जाटव बस्ती से ग्वारखेड़ा रोड होती हुई कथा स्थल पर आकर रुकी। संजीव चौधरी परीक्षित के रूप में सिर पर भागवत भगवान को धारण कर चल रहे थे। महंत बालक पुरी महंत गोपालपुरी, ग्राम प्रधान संजीव चौधरी, रनवीर सिंह, राहुल चौधरी आदि बहुत से श्रद्धालु शामिल रहे रहे।

# पेट्रोलियम डिपो में घुसपैठ रंगदारी के 4 आरोपी पकड़े

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** पुलिस ने भारत पेट्रोलियम लिमिटेड डिपो में अवैध रूप से घुसकर कार्य में बाधा डालने और रंगदारी मांगने के आरोपी चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि बीपीसीएल आंवला डिपो के मैनेजर स्वपन कुमार माझी ने तहरीर दी थी कि 26 मार्च को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने डिपो परिसर में अवैध प्रवेश किया। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली और मैनेजर से डीजल-पेट्रोल की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए रुपयों की मांग की थी। मैनेजर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शनिवार को पुलिस टीम ने आंवला स्टेशन रोड स्थित डिग्री कॉलेज के पास से घेराबंदी कर चारों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी मुख्य रूप से अमरोहा और सम्भल जिले के रहने वाले हैं। इनमें आसिफ निवासी सड़क वाली मस्जिद, डिडौली, अमरोहा व सलमान ,शाहरुख , सहजान ग्राम मनौटा थाना असमोली सम्भल के निवासी है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने पेट्रोल-डीजल की मांग की थी और न मिलने पर डरा-धमकाकर पैसे ऐंठने की कोशिश की थी। पुलिस टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक. बिहारीलाल, हेड कांस्टेबल रविशंकर और हेड कांस्टेबल कुलदीप शामिल रहे। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# संगठन की कार्यप्रणाली व जनसेवा के मूल्यों से परिचित कराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में शनिवार को कुंदरकी विधानसभा के भाजपा मूंढापांडे और दलपतपुर मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान शुरु हुआ। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय सहसंयोजक पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान राजेन्द्र सिंह भंडारी, क्षेत्रीय सह संयोजक हरजिंदर कौर व कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने किया।

इसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल्यों से परिचित कराया गया। कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी संगठन की आत्मा हैं। इन सिद्धांतों को अपनाकर ही कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रशिक्षण के पहले दिन चार सत्रों में इतिहास, कार्य पद्धति और आधुनिक तकनीक पर मंथन हुआ। सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग के साथ-साथ बूथ प्रबंधन और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण वर्ग में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, कमल प्रजापति, मंडल अभ्यक्ष महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, चकित, अशोक प्रजापति, खेमपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



महाअभियान का उद्घाटन करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व अन्य।

- **मूंढापांडे व दलपतपुर मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान**

# पहले दिन नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू व रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर शनिवार को नेक्स्ट जेनरेशन जूनियर हाईट एंड वेट 99 पॉइंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसमें 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं और सभी मुकाबले 30-30 ओवर के लीग प्रारूप में खेले जाएंगे।

पहले मुकाबले में नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू ने स्काईलाइन बुल्स को चार विकेट से हराया। स्काईलाइन बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 133 रन बनाए। जवाब में नेक्स्ट जेनरेशन ब्लू ने 28 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अब्दुल समद के ऑलराउंड प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने आरआरके क्रिकेट अकादमी को आठ विकेट से पराजित किया। आरआरके की टीम 93 रन पर सिमट गई, जबकि रुक्मणी अकादमी ने 9.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। देव राजोरा ने 31 गेंदों में 61 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। अंपायर की भूमिका मोहम्मद कैफ व सुधीर कुमार ने निभाई, जबकि स्कोरिंग यश ने की। इससे पहले कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



नेक्सट जेनरेशन जूनियर हाइट एंड वेट 99 पॉइंट क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम के खिलाड़ी।

- **नेक्स्ट जेनरेशन जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमें कर रहीं भागीदारी**

### सुपर ओवर का रोमांच, रामपुर की बाजी



एमपीएस मैदान पर चल रहे अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को मुकाबले रोमांचक रहे। ग्रुप-बी के दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीम को विजयी बनाने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी ने 158 रन बनाए, लेकिन दुर्गा क्रिकेट अकादमी ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए आखिरी ओवर में जीत अपने नाम कर ली। टीम की ओर से सायम और असजद रजा ने अहम पारियां खेलीं, जबकि अब्दुल रहमान की घातक गेंदबाजी मैच का टर्निंग प्वाइंट रही। दूसरा मुकाबला स्काईलाइन स्पोर्ट्स और रामपुर क्रिकेट अकादमी के बीच बेहद कांटे का रहा। स्काईलाइन के 183 रन के जवाब में रामपुर ने भी बराबरी कर मुकाबले को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। रामपुर की ओर से मतीन खान ने दो विकेट लिए और 37 रन की नाबाद पारी खेली। सुपर ओवर में सिद्धार्थ जैन के लगातार तीन छक्कों ने मैच का रुख बदल दिया और रामपुर ने शानदार जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन के लिए मतीन खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायरिंग रईस अहमद और शमशाद अल्वी ने संभाली, जबकि नजाकत अली ने कमेंट्री की। डीएसए के सचिव विजय गुप्ता, संयुक्त सचिव नितिन गुप्ता, मोहम्मद हसीन, मिर्जा दानिश आलम आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### एआई से बदलेगी उद्यमिता की परिभाषा, संतुलित जीवन पर जोर



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्कॉलर्स डेन के प्रबंध निदेशक विवेक ठाकुर ने वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन ऑफ स्टूडेंट्स एवं यूथ द्वारा मेटा के सहयोग से आयोजित ग्लोबल एआई कॉन्फ्लुएंस सम्मेलन में विचार रखे। यह आयोजन गोरखपुर के दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में हुआ, जिसमें 26 देश के विद्यार्थी, शिक्षाविद और विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एआई तकनीक छोटे और दोहराए जाने वाले कार्यों को सरल बना रही है, जिससे मनुष्य समय और ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों में लगा सकता है। एआई के माध्यम से कार्य करने की शैली में बड़ा परिवर्तन संभव है। उद्यमिता पर उन्होंने कहा कि अब सफलता के लिए त्याग नहीं, बल्कि संतुलित जीवन जरूरी है। श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश का जिक्र करते हुए जीवन की वास्तविक प्राथमिकताओं को समझने पर बल दिया।

### ग्लोबल वार्मिंग से बचने को करें पौधारोपण



**रामपुर, अमृत विचार :** इम्पैक्ट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में होप ट्रस्ट के सहयोग से पर्यावरण जागरुकता गोष्ठी हुई। प्राचार्य प्रो. आसिम अहमद ने ग्लोबल वार्मिंग व ओजोन लेयर के बारे में जानकारी दी। खतरों से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रीना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पुलिस विभाग के विषय में जानकारी दी और हेल्पलाइन नंबर तथा पुलिस सहायता के विषय में बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संगीता शर्मा ने कहा कि पर्यावरण जागरुकता जरूरी है। विशिष्ट अतिथि नाजिया खान ने वृक्षों के बचाव पर जोर दिया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सुल्तान अहमद ने कहा कि कॉलेज हमेशा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम करता है। इस मौके पर एमडी सरताज अहमद, डॉ. कौशल कुमार, प्रो. आसिम अहमद, डॉ. दानिया अहमद, नगमा बी, फैसल शाह खान, विक्की सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन मुबश्शरा ने किया।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के महामंत्री का स्वागत



**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू शनिवार को रामपुर पहुंचे। जहां उनका स्वागत किया गया। रविवार को होली मिलन समारोह के लिए चर्चा की। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि महासभा की ओर होने वाला होली मिलन समारोह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक होगा। जिसमें रामपुर सहित अन्य जनपद, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के क्षत्रिय बढ़ चढ़ कर सहभागिता करेंगे। मुख्यातिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, विधायक कुंदरकी रामवीर सिंह, विधायक आदेश चौहान, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह रहेंगे। इस दौरान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष युवा अजय राठौर, जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला वरिष्ठ महामंत्री धर्मपाल सिंह तोमर, नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक, जिला उपाध्यक्ष सचिन राजपूत, अजय ठाकुर, जिला मंत्री युवा दीपक पुंडीर, जयगोविंद सिंह, जिला महामंत्री युवा राकेश प्रधान, एनपी सिंह, नगर महामंत्री उमेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



ख़ुसरो रैन सुहाग की,
जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को,
दोउ भए एक रंग

अमीर ख़ुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।



# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

> हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।

महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।

> पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।

मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और परिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

> बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?



अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाष्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।

हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध



गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।

घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य शृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व अन्य।




नोएडा में नवनिर्मित नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोस्टर पकड़े हुए और मोबाइल फोन की टॉर्च जलाते हुए।

### न्यूज ब्रीफ

### जेवर एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 स्थापित करेगा नये मानक

**अमृत विचार, लखनऊ /नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 अत्याधुनिक तकनीक और इको-फ्रेंडली निर्माण के चलते देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट टर्मिनलों में शामिल होने जा रहा है। करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैला यह टर्मिनल क्षमता, गति और यात्री सुविधाओं के मामले में नया मानक स्थापित करेगा। एयरपोर्ट का निर्माण एलसी 3 (लो-कार्बन) तकनीक से किया गया है, जिससे पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव पड़ेगा। इसे ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमुख उदाहरण माना जा रहा है। टर्मिनल में 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन की व्यवस्था होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम सेवाएं मिलेंगी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ अलग इमिग्रेशन काउंटर भी बनाए गए हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग एयरोब्रिज और बोर्डिंग गेट की व्यवस्था संचालन को और सुचारु बनाएगी। एयरपोर्ट प्रति घंटे करीब 30 उड़ानों के संचालन और सालाना 2 .5 लाख मीट्रिक टन कार्गो हैंडलिंग क्षमता के साथ तैयार है। यह टर्मिनल न केवल यात्री सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि जेवर एयरपोर्ट को देश के प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगा।

### जेवर एयरपोर्ट देगा 'भारत दर्शन' का अनुभव

**अमृत विचार,लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक आधुनिक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक बनकर उभर रहा है। इसके वास्तु और इंटीरियर डिजाइन में उत्तर प्रदेश की विरासत को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिससे यात्रियों को 'भारत दर्शन' जैसा अनुभव मिलेगा। एयरपोर्ट के डिजाइन में पारंपरिक हवेली शैली की झलक दिखाई देगी। मेहराब, आंगन और पारंपरिक स्थापत्य तत्व यात्रियों को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ेंगे और आधुनिक ढांचे के बीच एक अलग पहचान बनाएंगे। टर्मिनल को गंगा घाट की थीम पर मल्टी-लेवल संरचना में विकसित किया जा रहा है, जिससे वाराणसी घाट और हरिद्वार घाट जैसा आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। सीढ़ीनुमा डिजाइन, खुले स्थान और विशेष प्रकाश व्यवस्था शांत और सुकून भरा माहौल तैयार करेंगे। एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण में देशभर के पारंपरिक हैंडीक्राफ्ट्स का उपयोग किया जा रहा है, जो भारतीय कला और कारीगरी को वैश्विक मंच देगा। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक पहचान के इस अनूठे संगम से जेवर एयरपोर्ट देश के अन्य एयरपोर्ट्स से अलग और विशिष्ट पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

# कनेक्टिविटी का रिकॉर्ड बनाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## दिल्ली पर निर्भरता होगी कम, उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत, एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन हब के रूप में विकसित होने के साथ अब कनेक्टिविटी के मामले में भी नया रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रहा है। सड़क, रेल, मेट्रो और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया है, जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिंक से दक्षिण हरियाणा और पश्चिमी भारत से तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आगे गंगा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी पहुंच और मजबूत होगी।

### रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी



रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी को लेकर भी बड़ा काम हो रहा है। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। साथ ही, चोला-रुंधी रेल लाइन से कनेक्टिविटी के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। भविष्य की दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल लाइन में जेवर टर्मिनल पर स्टेशन का प्रावधान इस एयरपोर्ट को और खास बनाएगा।

### अंतरराज्यीय बस सेवाएं होंगी शुरू



यात्रियों के लिए कैब और कार रेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे सफर और आसान बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटी) के साथ समझौता किया गया है। उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से अंतरराज्यीय बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश (यीडा) मिलकर 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाएंगे, जो एयरपोर्ट तक पर्यावरण अनुकूल अंतिम माइल कनेक्टिविटी देंगी।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर घटेगा दबाव

बेहतर कनेक्टिविटी के चलते अब इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए केवल दिल्ली पर निर्भरता नहीं रहेगी। उत्तर भारत के यात्रियों को जेवर से सीधी सुविधा मिलने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दबाव भी कम होगा। क्योंकि इससे पहले इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ने के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ता था। अब यह सुविधा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलने के बाद कई राज्यों के लोगों की सहूलियत बढ़ जाएगी।




### सारस की उड़ान बनी एयरपोर्ट की पहचान

- राजकीय पक्षी से सजा प्रतीक चिन्ह, विकास के साथ विरासत का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को खास बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने लोगो के रूप में अपनाया है। यह कदम राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में अहम माना जा रहा है।



एयरपोर्ट के लोगो में उड़ते हुए सारस को दर्शाया गया है, जो प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। यह पहल योगी आदित्यनाथ के "विकास के साथ विरासत" विजन को भी दर्शाती है, जिसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह नया प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को मजबूत करेगा, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान भी दिलाएगा।

**डिजाइन में तकनीक और इको-फ्रेंडली सोच का मेल:** लोगो का डिजाइन पतली और एकीकृत रेखाओं से तैयार किया गया है, जो गति, तकनीक और बेहतर कनेक्टिविटी का संकेत देता है। वहीं नीले-हरे रंग का ग्रेडिएंट आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है। जो योगी आदित्यनाथ की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट नीति के अनुरूप है।

### आठ वर्षों में सपना साकार

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) आठ वर्षों के सतत प्रयास, समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन के बाद अब हकीकत बन चुका है। मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस मिलने और फेज-1 के लोकार्पण के साथ यह एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव वर्ष 2017 में पड़ी, जब साइट क्लीयरेंस और आवश्यक एनओसी प्राप्त हुईं। वर्ष 2018 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का गठन हुआ और 2020 में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को कंसेशनायर चुना गया। अगस्त 2021 में फाइनेंशियल क्लोजर और मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद अक्टूबर 2021 में 'अपॉइंटेड डेट (तिथिवार कार्ययोजना)' घोषित हुई, जिसके बाद मार्च 2022 से निर्माण कार्य शुरू हुआ और टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोकरमेंट एंड कन्सट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया। जिसे तय समयसीमा 2022 से 2024 के बीच पूरा किया गया। अक्टूबर 2025 में कैलिब्रेशन फ्लाइट सफल रही और मार्च 2026 में एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया।

## प्रदेश के पर्यटन शहरों तक पहुंच हो जाएगी आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

- जेवर से सीधे यूपी हार्टलैंड में प्रवेश कर सकेंगे विदेशी पर्यटक

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश में पर्यटन, निवेश और व्यापार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे किनारे स्थित यह एयरपोर्ट अब विदेशी पर्यटकों के लिए यूपी के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों तक सीधे पहुंच का नया विकल्प बनेगा। साथ ही उप्र. को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।

अब तक विदेशी पर्यटकों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन जेवर एयरपोर्ट के संचालन से आगरा, मथुरा-वृंदावन, फतेहपुर सीकरी, अयोध्या और वाराणसी जैसे प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए आगरा और फतेहपुर सीकरी तक 1.5 से 2 घंटे तथा मथुरा-वृंदावन तक करीब 90 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इन धार्मिक स्थलों पर बीते नौ वर्षों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी, जिसे 'लैंडलॉक्ड' माना जाता है, अब हवाई मार्ग से दुनिया से जुड़कर विदेशी पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू सकता है।

यह एयरपोर्ट न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थलों तक भी पहुंच सुगम होगी। इसके साथ ही मेडिकल, बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, गाइड सेवा और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा।

## उद्योग, निर्यात और रोजगार का मेगा हब बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/जेवर

- मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेमचेंजर' बताया

**अमृत विचार :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए "गेमचेंजर" बताते हुए कहा कि यह परियोजना निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

एयरपोर्ट के निर्माण के साथ यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र तेजी से औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में उभर रहा है। यहां देश-विदेश की कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। आसपास मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेटा सेंटर, एमएसएमई पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल और टॉय पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने से इस क्षेत्र को हाईटेक इंडस्ट्री का भी बढ़ावा मिला है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिए निवेश, उद्योग, निर्यात और रोजगार का समग्र विकास मॉडल बनकर उभर रहा है, जो राज्य को आर्थिक रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मल्टी-मोडल कार्गो हब उत्तर प्रदेश को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ेगा। इससे प्रदेश के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहुंच आसान होगी और निर्यात में तेजी आएगी।



**पहली उड़ान :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यूपी सरकार के राजकीय वायुयान ने जेवर रनवे से पहली उड़ान भरी। इस विशेष उड़ान में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया।

### खेल प्रशिक्षकों की भर्ती को 10 तक मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. खेल विभाग ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। चयनित प्रशिक्षकों को 1.5 लाख प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के अनुसार, राज्य के 15 खेल छात्रावासों में योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो। आवेदक का स्नातक होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्य दिवसों में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## अयोध्या में यज्ञशाला और गोशाला में लगी भीषण आग

अयोध्या कार्यालय

- रामनगरी के राजघाट में हो रहा था श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**अमृत विचार :** अयोध्या के थाना कैंट अंतर्गत सरयू तट स्थित राजघाट इलाके में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ के समापन के दिन शनिवार दोपहर यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 लोग आहुति देकर बाहर निकल गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग बुझाने का प्रयास हो ही रहा था कि इतने में मुख्य पांडाल के पूर्वी ओर स्थित गोशाला में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

परिवहन मंत्री के नेतृत्व व बक्सर बिहार के श्रीजीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में रामनवमी पर्व पर इस महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसके लिए बने यज्ञशाला में बने 1251 कुंड में प्रतिदिन करीब पांच हजार श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा था। समापन के अवसर पर शनिवार को करीब 4500 लोगों द्वारा हवन कुंड में पूर्णाहुति डाली गई। करीब 12 बजे यज्ञ समाप्त होने के बाद जैसे ही लोग बाहर निकले, इतने में एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया व उसमें से निकली चिंगारी से घास-फूंस व बांस-बल्लियों के बने यज्ञशाला में आग लग गई।

खुला मैदान व तेज हवा के चलते लपटों ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप धारण कर लिया। करीब 10 मिनट में ही पूरी यज्ञशाला जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल के 10



छोटे-बड़े वाहन आग पर काबू करने का प्रयास कर ही रहे थे कि मुख्य पांडाल के पूर्वी छोर पर बनी गोशाला में भी अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई विधायक व अन्य वीआईपी भी घटनास्थल के बगल बने मुख्य पांडाल में मौजूद थे। सूचना पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर पहले से ही एक-एक दमकल वाहन व एंबुलेंस तैनात थी। दमकल के अन्य वाहनों को बुलाकर आग बुझाया गया। आग लगने से पूर्व ही यज्ञ समाप्त हो चुका था।यज्ञशाला में कोई मौजूद नहीं था, इससे कोई जनहानि नहीं हुई। यहां लगी आग की चिंगारी से गोशाला के छप्पर में भी आग लग गई थी, आग तेज होने से पहले वहां से सभी गोवंशों को बाहर निकाल लिया गया था।

### बच्ची की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में मारा गया

**आगरा, एजेंसी:** जिले के बमरोली कटारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने आठ वर्षीय बच्ची की हत्या के आरोपी 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को शनिवार तड़के मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार, बच्ची की हत्या का आरोपी सुनील (29) फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

शहर क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त अली अब्बास ने बताया, कि सुनील की तलाश में सिटी जोन की 12 पुलिस टीम के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। वह फिरोजाबाद भागने की फिराक में था। रास्ते में उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें एक गोली उपनिरीक्षक विश्वजीत को लगी और वह घायल हो गए।

## फसलों के नुकसान पर मिली आर्थिक सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बारिश से प्रभावित 9992 किसानों को मिली 4.47 करोड़ से अधिक की राहत
- ओलावृष्टि से प्रभावित 286 किसानों को दी 13.34 लाख रुपये की सहायता

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को हुए नुकसान के बाद सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

असमय ओलावृष्टि से 21 जिलों में 244.23 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई, जिसमें 286 किसानों को 13.34 लाख रुपये से अधिक की राहत दी गई है। वहीं अतिवृष्टि से 17 जिलों में 4053.11 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा, जिसमें 9992 किसानों को 4.47 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई। सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज हुई है, जबकि ललितपुर की 3 तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ, जहां 3142 किसान प्रभावित हैं। राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष किसानों को भी शीघ्र राहत दी जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति संभाल सकें और आगामी फसल की तैयारी कर सकें।

### एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स

**नयी दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़



## बिजनेस ब्रीफ

### सेल के सीएमडी पद के लिए अशोक पांडा के नाम की सिफारिश

**नयी दिल्ली।** सरकार में शीर्ष पदों के लिए चयन करने वाली संस्था लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद के लिए अशोक कुमार पांडा के नाम की सिफारिश की है। पांडा उन 10 चयनित उम्मीदवारों में शामिल थे जिनका साक्षात्कार सेल में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए लिया गया था। सेल के वर्तमान सीएमडी अमरेंदु प्रकाश का कार्यकाल दो अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने 31 मई, 2023 को इस पद का कार्यभार संभाला था।

### रेंटोमोजो ने आईपीओ के लिए सौंपे दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल की गई विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,83,99,567 शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने कहा कि नए शेयरों से प्राप्त राशि का उपयोग कर्ज चुकाने, गोदाम और स्टोर के लिए पट्टा या लाइसेंस शुल्क देने, और सामान्य व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जाएगा।

### थर्मैक्स बैबकॉक को 1,600 करोड़ का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी थर्मैक्स की अनुषंगी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विल्कॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूएस) ने एक अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये के बॉयलर पैकेज आपूर्ति का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारत की एक प्रमुख तापीय ऊर्जा परियोजना कंपनी से 800 मेगावाट के संयंत्र के लिए मिला है। बयान में कहा गया है कि ऑर्डर के तहत बॉयलर का निर्माण, आपूर्ति, चालू करना और प्रदर्शन परीक्षण शामिल है।

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।

रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।

केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**




बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल। साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरुस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता'' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

**सुरक्षा विशेषज्ञ की बात** | भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर खतरे अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी जोखिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




- करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिण एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं। शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।

उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुकी है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।




## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**



चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टीकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके ज़रिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सत्ता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्रि पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएँ रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

- अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित

**ग्वालियर, एजेंसी**

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूँ कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष

### क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

- परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।
- इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।
- वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।
- रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

- कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।
- सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।
- ट्रम्प की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों को लगता है कि ट्रम्प ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

- ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।
- कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

- पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें

**दुबई, एजेंसी**



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाव देगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।


### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### जर्मनी के चांसलर ने ईरान युद्ध पर की ट्रंप के रुख की निंदा

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने ईरान युद्ध के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये की तीखी आलोचना की है। जर्मन प्रेस एजेंसी ने यह जानकारी दी। मर्ज ने शुक्रवार देर रात फ्रैंकफर्ट में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रंप अभी जो कर रहे हैं, वह तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने की कोशिश नहीं है बल्कि बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ाने वाला ऐसा रुख है जिसके अनिश्चित परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये तनाव बढ़ाने वाले ऐसे कदम हैं, जो खतरनाक हैं... न केवल सीधे तौर पर प्रभावित लोगों के लिए, बल्कि हम सभी के लिए। मर्ज ने इस बात पर भी संदेह जताया कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व को युद्ध के जरिये हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्या वास्तव में सत्ता परिवर्तन ही लक्ष्य है?...अगर यही लक्ष्य है तो मुझे नहीं लगता कि वे इसे हासिल कर पाएंगे।

# मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

**भुवनेश्वर, एजेंसी**



- नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नयागढ़ जिले के दासपल्ला के पास एक पर्यटक बस दुर्घटना में कई यात्रियों की जान जाने की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और व्याकुल हूं। घायल यात्रियों में से एक आर्य पात्रा ने आरोप लगाया कि वाहन तेज गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि घाट रोड पर बस बहुत तेज गति से चल रही थी।

# जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

**पेरिस, एजेंसी**



- जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।

# आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

# भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

- पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

**रिपोर्ट** साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2 .4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190 .5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**तुला** – आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृष** – आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**मिथुन** – आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।

**कर्क** – आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।


**कुंभ** – आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**कन्या** – आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07 .46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेशा 14 .38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |



> मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।
>
> –मिचेल स्टार्क


# स्टेडियम

मुरादाबाद, रविवार ,29 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

### निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विर्ट्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# ईशान की पारी से सनराइजर्स ने बनाए नौ विकेट पर 201 रन

## आईपीएल-2026 : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी ने चटकाए तीन विकेट



बेंगलुरु, एजेंसी

कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाए। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था। ट्रेविस हेड और नीतिश कुमार रेड्डी को भी डफी ने आउट किया। सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में ही 29 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और पावरप्ले के बाद स्कोर तीन विकेट पर 49 रन था।

ईशान ने हालांकि दबाव में आये बिना साहसिक पारी खेली और 27 गेंद में अर्धशतक पूरा कर दिया। उन्होंने अभिनंदन सिंह को एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। इसके बाद स्पिनर कृणाल पंड्या को भी दो छक्के जड़े। अभिनंदन ने ही हालांकि ईशान को डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर फिल साल्ट के हाथों लपकवाया। आखिरी पांच ओवरों में सनराइजर्स के बल्लेबाज 59 रन ही बना सके। अनिकेत वर्मा ने 19 गेंद में 43 रन बनाये जिन्हें भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विराट कोहली ने 26 के स्कोर पर जीवनदान दिया था।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी। एजेंसी

### सनराइजर्स हैदराबाद

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0 -38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था।

### पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

### चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर। एजेंसी

### काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए टी20 लीग की पेशकश ठुकराई भी : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं। बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है। उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है? बटलर ने कहा मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

- कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज

मुंबई, एजेंसी

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



मुंबई इंडियंस की टीम। फाइल फोटो

### टीम

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

**प्रबल दावेदार**

तीन साल में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग

# सिनर मियामी ओपन के फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।



### नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।


भगवान महावीर स्वामी

जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर

अमृत विचार का E-Paper Subscription

Subscribe करने के लिए Scan करें

03 महीने के लिए FREE



BAREILLY | LUCKNOW | KANPUR | MORADABAD | AYODHYA | HALDWANI